हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 36.8 डिग्री

न्यूनतम 21.3 डिग्री

13 30 हजार बकायादारों के मोबाइल नंबर गलत,...



14 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने नवा रायपुर में...



# निजी कंपनी के फर्जी बिल बनाए, सारे कागजात गुम, ऑनलाइन रिकॉर्ड निकालते हांफे जांच अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में हुए लाखों के घोटाले की जांच दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। क्षेत्रीय कार्यालय के अपर संचालक के चंपकलाल देवांगन के डिजिटल हस्ताक्षर इस्तेमाल कर यहां के सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा लाखों की हेरफेर की गई है। प्रथम दिन सोमवार को जांच में रूसा के कर्मचारी को क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ बताकर उसके नाम पर लाखों रूपए का वेतन निकाले जाने की बात सामने आई थी। प्रथम दिवस जांच पूरी नहीं हो पाने के कारण दूसरे दिन भी जांच जारी रही। मंगलवार को कई गंभीर अनियमितताएं जांच में सामने आई हैं। ⏭ शेष पेज 13 पर

### खर्च 7 हजार, बिल 2 लाख का

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कर्मचारी द्वारा एक निजी कंपनी का फर्जी बिल भी तैयार किया गया। इन कंपनी ने वास्तविक बिल 7 हजार रुपए का लगाया था। कंपनी का नाम, लोगो, जीएसटी नंबर आदि का इस्तेमाल करके एक फर्जी बिल बनाया और इसमें 2 लाख रुपए की राशि दर्ज कर उच्च शिक्षा विभाग को भुगतान के लिए प्रेषित किया। इसके अलावा पेट्रोल के बिल, बिजली बिल आदि में भी लाखों रूपए की हेरफेर अब तक कर्मचारी द्वारा की जाती रही। कर्मचारी अब भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। शुरुआती जांच में चीजें स्पष्ट होने के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है और ना ही थाने में सूचना दी गई है।

### मामला उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई लाखों के घोटाले का


उच्च शिक्षा में लाखों का घोटाला, डिजिटल सिग्नेचर कॉपी कर लगाते रहे विभाग को चूना, लपेटे में रूसा भी

- मंगलवार देर शाम पूरी हुई जांच, अब प्रतिवेदन भेजा जाएगा उच्च शिक्षा विभाग को

### नौकरी दिलाने का देता था झांसा

उच्च शिक्षा विभाग के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि आकाश श्रीवास्तव द्वारा कई लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। कई लोग उसे ढूंढते हुए दफ्तर भी आए थे। आरोपी का वेतन जिस अकाउंट में जाता है, उसके अतिरिक्त उसने एक अन्य बैंक अकाउंट इन देनदारियों के लिए खुलवाया था। पूरे प्रकरण के बाद उच्च शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। लंबे समय से चल रही गड़बड़ी अधिकारियों की पकड़ में कैसे नहीं आई, इसे लेकर प्रश्न-चिन्ह खड़ा हो गया है।

## खबर संक्षेप




### 1356 किलो गांजा को जलाकर किया नष्ट

**रायपुर।** शहर में मंगलवार को 1356 किलोग्राम गांजा को जलाकर नष्ट किया गया। सीजीएसटी और डीआरआई रायपुर ने शहर के अलग-अलग स्थानों से 1356 किलो गांजा को जब्त किया था। अवैध नशीले पदार्थ के प्रसार को रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों ने शहर में स्थित मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड में इस गांजा को हाई लेवल ड्रग डिस्पोसल कमेटी के अध्यक्ष राकेश गोयल और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में नष्टीकरण किया।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 मार्च को



गश्त के दौरान शांता होटल के पास एक युवक के कब्जे से दो चाकू जब्त किया है। आरोपी का नाम सूरज खटवार 19 वर्ष है, जो कविलाश नगर भनपुरी का निवासी है। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### हथियार लेकर लोगों को डराते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** हथियार लेकर लोगों को डराते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कारी तालाब गॉर्डन आमापारा मेन गेट के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोविंद सिंह परिहार 27 वर्ष निवासी रामकुंड गंगाराम नगर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### ज्यादातर को पेट दर्द, लूज मोशन की समस्या, डिहाइड्रेड में हो रहे लोग

# मौसम का धोखा, मार्च में मई-जून का अहसास, अचानक बिगड़ने लगी सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच अचानक गर्मी बढ़ने से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी है। सप्ताहभर से पेट दर्द, लूज मोशन, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के मरीज 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारी की परेशानी लेकर मरीज पहुंचने लगे हैं।

फरवरी के अंतिम दिनों से राजधानी में गर्मी बढ़ने लगी है और अभी दिन की तेज धूप लोगों को बीमार करने के लायक हो चुकी है। चिकित्सकों के अनुसार लोग ठंडकता भरे मौसम के आदी हो चुके थे, फिर अचानक गर्मी बढ़ने से ⏭ शेष पेज 13 पर

### गर्मी में बढ़ जाता है बैक्टीरिया

चिकित्सकों के मुताबिक पेट से ज्यादातर समस्या प्रदूषित पानी की वजह से होती है। गर्मी के दिन में बैक्टीरिया बढ़ने की आशंका अधिक होती है, जिससे पेट खराब होने की दिक्कतें आने लगती है। पिछले दिनों लभांडी के संकल्प वाटिका फेस-2 में गंदे पानी की वजह से लोगों के बीमार होने की शिकायत बढ़ गई थी। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य और नगर-निगम का अमला सक्रिय हुआ और स्थिति को नियंत्रण में ले आया था।



### 37 डिग्री की धूप खतरनाक

मौसम विभाग के मुताबिक अभी रायपुर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया है। दोपहर की धूप स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए चिकित्सक लोगों को धूप के सीधे प्रभाव से बचने की नसीहत दे रहे हैं। इसके अलावा डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए अधिक मात्रा में पानी अथवा अन्य तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह भी दी जा रही है।

### विशेषज्ञों का कहना

गर्मी बढ़ने की वजह से पिछले कुछ दिनों से मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ने लगे हैं। इनमें पेट से संबंधित परेशानी, शरीर में पानी की कमी जैसी समस्या हो रही है। मरीजों को उनकी समस्या के अनुरुप दवा दी जा रही है।

- **डॉ. योगेन्द्र मल्होत्रा,** विशेषज्ञ मेडिसिन विभाग आंबेडकर अस्पताल

गर्मी लगातार बढ़ रही है जो छोटे बच्चों के लिए ज्यादा परेशानी का कारण बन सकता है। लूज मोशन, पेट में ऐंठन जैसी समस्या लेकर बच्चे अस्पताल आ रहे हैं।

- **डॉ. निलय मोझरकर** शिशु रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल

इमरजेंसी में भी बढ़ी संख्या में मरीज पेट दर्द और कमजोरी जैसी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। उनकी तकलीफों के अनुसार उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

- **डॉ. विनय वर्मा,** सीएमओ, आंबेडकर अस्पताल

# शहर की 32 टंकियां नहीं भरी, शाम को सूखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर की आधी आबादी को मंगलवार शाम नगर निगम के नलों से पीने का पानी नहीं मिला। जल विभाग ने भाठागांव चौक के पास रॉ वाटर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत के लिए 10 घंटे का शटडाउन लिया। मरम्मत कार्य के कारण शहर की 32 पानी टंकियों से जल आपूर्ति बाधित ⏭ शेष पेज 13 पर

- जल विभाग ने 10 घंटे का लिया शटडाउन
- बुधवार की सुबह नियमित जल आपूर्ति

### शहर की इन पानी टंकियों से जल आपूर्ति रही प्रभावित

मरम्मत काम के कारण भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर,ईदगाह भाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीरनगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी पानी टंकी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा,भनपुरी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा और 80 एमएलडी के नये प्लांट नहीं ⏭ शेष पेज 13 पर

# एमडी-एमएस करने अब तीन साल का अध्ययन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

सरकारी मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को एमडी-एमएस के अध्ययन के लिए अब तीन साल का अवकाश दिया जाएगा। पूर्व में उन्हें पढ़ाई के लिए दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता था और तीसरे साल असामान्य अवकाश होने की वजह से स्टाइपेंड का लाभ नहीं मिलता था। शासन ने तीन साल की छुट्टी देने का आदेश जारी किया है। साथ ही हिदायत दी है कि पढ़ाई के बाद पांच साल बांडेड ड्यूटी नहीं करने पर उनसे आठ फीसदी चक्रवृद्धि ब्याज के साथ राशि की वसूली की जाएगी।

मेडिकल पीजी की पढ़ाई तीन साल की होती है, मगर यूजी की पढ़ाई करने के बाद अनुबंध सेवा में आने वाले विद्यार्थियों को इसके लिए दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता था। तीसरे साल की पढ़ाई असाधारण अवकाश के रूप में पूरा करनी होती थी। पीजी छात्रों की इस समस्या को हरिभूमि ने समय-समय पर उठाया, जिसे संज्ञान में लेते हुए शासन द्वारा तीन साल के अध्ययन अवकाश दिए जाने का आदेश सोमवार को जारी किया गया है। शासन द्वारा पीजी की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छुट्टी के लिए कुछ शर्तें ⏭ शेष पेज 13 पर

### शासन ने जारी किया आदेश, पहले दो साल मिलता था अवकाश, स्टाइपेंड भी नहीं




तीन साल की पढ़ाई में दो वर्ष का अध्ययन अवकाश

### छह साल पुरानी समस्या

तीन साल की पढ़ाई के लिए दो साल के अध्ययन अवकाश की समस्या छह साल पुरानी है। इसके पूर्व मेडिकल की पढ़ाई के लिए दो साल का डिप्लोमा कोर्स संचालित होता था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा विषयों को एमडी-एमएस के रूप में मान्य कर त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बना दिया गया मगर दो साल के अध्ययन अवकाश के नियम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया था जो चिकित्सा छात्रों की परेशानी का कारण बन गया था।

### हर साल पचास से ज्यादा छात्र

राज्य शासन द्वारा जारी किए गए इस नियम का लाभ हर साल पचास से ज्यादा चिकित्सा छात्रों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि काफी लंबे समय से इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य लोगों से मुलाकात की जाती रही है। पढ़ाई के दौरान तीसरे साल अध्ययन अवकाश नहीं होने की वजह शिष्यवृति नहीं मिलने की वजह चिकित्सकों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता था।

### शिक्षा महाविद्यालय संचालित करने नियमों में बार-बार हो रहा बदलाव

# बंद नहीं होगा दो वर्षीय बीएड, लेकिन इसे संचालित करने के लिए जरूरी होगा बीए-बीकॉम पढ़ाना!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम बंद नहीं होंगे। ये चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के साथ-साथ संचालित होते रहेंगे, लेकिन महाविद्यालयों में इसके संचालन के लिए बीएड संग बीए, बीकॉम, बीएससी की कक्षाएं भी संचालित करनी होगी। अर्थात उन्हीं महाविद्यालयों में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम का संचालन किया जा सकेगा, जहां बीए, बीकॉम, बीएससी अथवा इनके समकक्ष अन्य विषयों ⏭ शेष पेज 13 पर

- पूर्व में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम 2023 तक बंद किए जाने की थी तैयारी





### बंद होंगे अधिकतर महाविद्यालय

छग में बीएड कॉलेजों की संख्या 136 है। इनमें से अधिकर महाविद्यालयों में केवल बीएड अथवा डीएलएड पाठ्यक्रम का ही संचालन होता है। 2030 तक इन महाविद्यालयों को अपने कैंपस में बीए, बीकॉम अथवा बीएससी जैसे पाठ्यक्रम शुरू करने होंगे अथवा अपने संस्थान को बंद करना होगा। एनसीटीई ने नए पाठ्यक्रम, प्रवेश पात्रता सहित अवधि व अन्य जानकारियां संस्थानों को प्रेषित कर दी है।

### एक वर्षीय, दो वर्षीय और चार वर्षीय पाठ्यक्रम

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन अर्थात एनसीटीई ने कुछ दिनों पूर्व ही एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की है। इसे 2014 में बंद कर दिया गया था। अब इसे शैक्षणिक सत्र 2025-26 से दोबारा प्रारंभ किया जाएगा। चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम पहले ही प्रारंभ किया जा चुका है। दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम भी यथावत रखा जाएगा। इस तरह से छात्रों को अब एक वर्षीय, दो वर्षीय और चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विकल्प मिलेंगे। तीनों ही पाठ्यक्रम में प्रवेश के नियम अलग-अलग रखे गए हैं। एक वर्षीय बीएड में स्नातक की पढ़ाई करने वाले छात्र, दो वर्षीय बीएड में चार साल का ग्रेज्यूएशन करने वाले स्टूडेंट तथा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड में बारहवीं के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सकेगा।



## खबर संक्षेप



### मंदिर हसौद सब डिवीजन के लाइन मेन हुए सम्मानित

**आरंग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनीज लीमिटेड रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत कार्यरत विद्युत लाइनमैनों का सम्मान करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को मंदिरहसौद सब डिवीजन के अंतर्गत भानसोज, चंदखुरी व मंदिर हसौद वितरण केंद्र में कार्यरत लाइनमेन अर्जुन धीवर, लोकेश वर्मा, वीरेंद्र घृतलहरे, विनोद निषाद, पुरषोत्तम लोधी सहित अन्य का सहायक यंत्री शशांक नायक ने गुलाल लगाकर उत्कृष्ट कार्य करने का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कनिष्ठ यंत्री प्रशन्न उपाध्याय, कार्यालय सहायक राकेश छत्री, टी.डी. सुब्रमण्यम सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### टाकेश्वरी साहू बनी जपं अध्यक्ष उपाध्यक्ष बने रविन्द्र चंद्राकर



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव मंगलवार को जनपद पंचायत में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष आरंग जनपद क्षेत्र क्र. 02 के जनपद सदस्य टाकेश्वरी मुरली साहू व उपाध्यक्ष आरंग जनपद क्षेत्र क्र. 25 के जनपद सदस्य रविंद्र रिंकू चंद्राकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। पीठासीन अधिकारी एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा तथा सहायक पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें निर्वाचित घोषित किया है।

### किसानों के लिए बजट निराशाजनक : चंद्रहास

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ संयोजक चंद्रहास साहू ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताया। उन्होने कहा कि इस बजट में वर्शो से चल रहे फुड प्रोसेसिंग युनिट की मांग को पूरा नही किया गया है। साथ ही किसानों के लिए सिंचाई के लिए नए बांध व सिंचाई के साधन की भी घोषणा नहीं की गई। साथ ही फसल सुरक्षा की दृष्टि से तार घेरा जिससे आवारा पशुओं जैसे गाय, जंगली सुवर आदि से नुकसान नहीं होता है का प्रावधान भी बंद कर दिया गया है। उन्होने आगे कहा कि गौ अभ्यारण्य बनाने की बात घोषणा पत्र में की गई है लेकिन इसका कोई अता–पता नहीं है। प्रदेश में बिजली कटौती होने से भी किसान त्रस्त है। इस बजट में किसान राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त की राशि की आस लगाए बैठे थे, किंतु यह भी उनके हाथ नहीं आया। कुल मिलाकर बजट निराशाजनक है।



### कांग्रेस ने बजट को जनता की अपेक्षा के विपरीत बताया

**आरंग।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के महामंत्री प्यारेलाल साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बजट को आम जनता के अपेक्षा के विपरीत घोर निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट से आम जनता के लिए कोई ना राहत है और ना किसान युवा महिलाएं के लिए कोई ठोस योजना। प्रदेश के गृहणी को भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा था, जिसे इस बजट में शामिल नहीं किया गया है।



## निधन

### सुंदर ध्रुव

**सिलयारी।** बैकुंठ (सिलयारी) निवासी सुंदर ध्रुव उम्र 71 वर्ष का निधन 4 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन सहित ग्रामीण शामिल हुए। वे गेदूलाल,सतीश कुमार,संजू कुमार के पिता थे।



## चुनाव

### भारी गहमा गहमी के बीच चुनाव हुए सम्पन्न

# धरसींवा जनपद पर भाजपा का लहराया परचम शकुंतला अध्यक्ष और दिनेश चुने गए उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनपद पंचायत धरसींवा का चुनाव मंगलवार को भारी गहमा गहमी के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस व भाजपा में कांटे की टक्कर दिखा। वहीं एक वोट रिजेक्ट के बाद दोनों प्रत्याशी के बीच में दो पर्ची निकाली गई जिसमें भाजपा के समर्पित शकुंतला दिलेन्द्र सेन की जीत हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए एक वोट से दिनेश खूंटे की जीत हुई। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा के कई दिग्गज चुनाव तक डटे रहे। इस दौरान धरसींवा विधायक की फील्डिंग और जलवा देखते ही बन रहा था और दोनों ही सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया। भाजपा समर्थित शकुंतला दिलेन्द्र ने कांग्रेस समर्थित बरखा साहू को हराया। बता दे कि जनपद पंचायत धरसींवा के भीतर कुल 25 जनपद सदस्य आते हैं।



इस पूरे जीत की नेतृत्व कर्ता धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह जीत मेरी पार्टी की जीत हुई है। मेरी कोशिश होगी कि गांव -गांव तक नल- जल योजना पहुंचे और महतारी वंदन योजना का लाभ सबको मिले। श्री शर्मा ने कहा कि जनपद पंचायत चुनाव में बीजेपी ने एकतरफा जीत हासिल की है। जीत के बाद कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया है श्री शर्मा ने कहा है कि जीत दर्ज किए जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष आप सभी की सेवा में जमीन पर उतरकर काम करेंगी और लोगों तक सुविधाएं पहुंचाएगी। जहां कहीं भी लोगों को दिक्कत होगी वो उनकी दिक्कत को दूर करने के लिए काम करेंगी। बिना किसी भेदभाव के लोगों को मदद मिलेगी।

## तिल्दा नेवरा जपं अध्यक्ष बने टिकेश्वर, दुलारी बनी उपाध्यक्ष

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव मंगलवार को सम्पन्न हुआ। प्रतिष्ठा के इस चुनाव में 2 दमदार प्रत्याशी आमने सामने थे। दिलचस्प बात यह रही कि दोनों हो भाजपा समर्थित थे। अध्यक्ष के लिए सर्वप्रथम शिवशंकर वर्मा अपने 12 सदस्यों के साथ पहुंचे। वहीं टिकेश्वर मनहरे अपने 13 सदस्यों को लेकर उपस्थित हुए। उसके बाद चुनाव किया गया। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के मद्देनजर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जांच पड़ताल और निर्वाचन प्रमाणपत्र दिखाने के बाद ही सदस्यों को अंदर जाने दिया गया। किसी भी अन्य को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इस दौरान एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर, सीएसपी केशरी नंदन नायक सहित सीएसपी, कई थानेदारों सहित भारी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस बल उपस्थित रहा।



### एक मत से जीते टिकेश्वर

तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत के 25 सदस्य वोटों में से 13 वोट टिकेश्वर मनहरे को मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी शिवशंकर वर्मा को 12 मत। एक मत से टिकेश्वर को विजयी घोषित किया गया। जीतने के बाद बाहर आते ही टिकेश्वर मनहरे ने अपने बड़े भाई वेदराम मनहरे के गले लगकर रोने लगे। खुशी के आंसू देखकर सभी लोग भावुक हो गए।

### अध्यक्ष पर पराजित होने के बाद उपाध्यक्ष के लिए लड़ा मिली हार

अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद दोपहर को उपाध्यक्ष पद के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें अध्यक्ष के लिए पराजित प्रत्याशी शिवशंकर वर्मा ने भी उपाध्यक्ष के लिए भी नामांकन दाखिल किया। शाम को 5 बजे उपाध्यक्ष पद का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें श्रीमती दुलारी सुरेन्द्र वर्मा को विजयी घोषित किया गया। चुनाव में दुलारी वर्मा को 13 मत और शिव शंकर वर्मा को 12 मत प्राप्त हुए।

### विजय रैली निकाली

जीत के बाद विजय रैली निकाली गई। खुली जीप में अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा सहित अन्य जनपद सदस्य उपस्थित हुए। साथ ही भारी संख्या में समर्थक उपस्थित थे। जमकर नारेबाजी व आतिशबाजी की गई।

## अभनपुर जपं में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर जीती भाजपा

**अभनपुर।** जनपद पंचायत अभनपुर मे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों पदों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। इस जनपद क्षेत्र मे 25 जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया जिसमें भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे को 16 मत प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस के रानू दिलीप बंजारे को 9 मत प्राप्त हुए तथा उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से खेलू राम साहू को 14 मत प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी संजीव गिरी गोस्वामी को 11 मत प्राप्त हुए। अभनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र मे भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही पार्टियों को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, लेकिन दोनों ही पार्टियों द्वारा अध्यक्ष पद हासिल करने के लिए विगत 15 दिनों से तरह तरह से हथकंडे अपनाए जा रहे थे लेकिन विधायक इन्द्रकुमार साहू व उनके संगठन के कुशल रणनीति के चलते भाजपा अध्यक्ष को भारी बहुमत से विजयी दिलाने मे कामयाब रहे।



### कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को दी बधाई

10 वर्ष बाद भारतीय जनता पार्टी जनपद पंचायत मे पूर्ण रूप से कब्जा जमाने मे सफल हुई है, सुबह से ही इस चुनाव को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई थी। जनपद पंचायत के सामने भाजपा कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही, चुनाव जीतने का समाचार मिलते ही विधायक इन्द्रकुमार साहू जनपद पंचायत पहुंचकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खेमराज कोसले, प्रवीण बजाज, मुकेश ढीढी, राधाकृष्ण टंडन, बसंत कोसले, राघवेन्द्र साहू, बिहारी साहू, गौरव शर्मा, दीपक दीवान ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया।

## भारत माता की जयकारों के साथ टेमरी सरपंच ने ली शपथ

**रायपुर।** टेमरी/माना कैंप रायपुर जिले की धरसीवा जनपद पंचायत की आदर्श ग्राम पंचायत टेमरी में सरपंच देव प्रसाद साहू के साथ 20 पंचों ने भारत माता की जयकारों के साथ शपथ ली। आदर्श ग्राम पंचायत टेमरी की सचिव श्रीमती प्रभा रानी मसीह ने सरपंच देव प्रसाद साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इसके बाद समस्त पंचों को भी एक साथ पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी ने ग्राम के बुजुर्ग जनों का चंदन वंदन माल्यार्पण कर एवं श्रीफल देकर सम्मान किया शपथ कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच एवं पूर्व पंचों का भी तिलक लगाकर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा अपने उद्बोधन में सरपंच एवं युवा पंचों से आग्रह किया गया कि जिस प्रकार से यह ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत का पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत को पुनः ऐसा कार्य कर दिखाएं कि अबकी बार यह ग्राम पंचायत अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने मैं सफल हो सके हमारे आदर्श ग्राम पंचायत टेमरी का नाम पूरे देश में छा जाए उन्होंने सरपंच सहित सभी पंचों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही ग्राम वासियों से भी ग्राम पंचायत में सहयोग करने की अपील की सरपंच देव प्रसाद साहू ने अपने उद्बोधन में समस्त ग्राम वासियों का आभार जताया एवं समस्त बुजुर्ग जनों से आशीर्वाद मांग सभी का अभिनंदन, स्वागत वंदन किया एवं ग्रामवासियों को आश्वासन दिया की ग्राम के विकास कार्यों के लिए वह दिन रात एक कर देंगे आदर्श ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम पंचायत स्तर से ऊपर उठकर जितना अधिक से अधिक प्रयास होगा चाहे विधायक, सांसद महोदय या मंत्री गणों से मिलकर आग्रह करना पड़े ग्राम पंचायत के विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने कहा की ग्राम के बुजुर्ग जनों का भी मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों का भी मार्गदर्शन लेते हुए निस्वार्थ भाव से कार्य करूंगा ग्राम पंचायत के समस्त पंचों के सहयोग से आदर्श ग्राम पंचायत को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अनवरत प्रयास करता रहूंगा अंत में उन्होंने उक्त कार्यक्रम में पधारे समस्त ग्राम वासियों को बुजुर्ग जनों एवं महिलाओं, युवा साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया यह आदर्श ग्राम पंचायत टेमरी का पहला अवसर है जब इतने भव्य तरीके से शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उक्त आयोजन में राहुल मिश्रा, देवेन्द्र उपाध्याय, नूरचंद साहू, एवं पप्पू चंद्राकर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।




## श्री राधा मोहन कन्नौजे नाई सेन समाज की बैठक संपन्न



**आरंग।** ग्राम चपरीद के साहू समाज भवन में श्री राधा मोहन कन्नौजे नाई सेन समाज बाना (परसकोल) परीक्षेत्र की सामाजिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि छोटेलाल सोनकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, विशिष्ट अतिथि पीलाराम निषाद महामंत्री भाजपा समोदा मंडल, खुलेश साहू पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शामिल हुए।


बैठक की शुरुआत पुजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। छोटेलाल सोनकर द्वारा समाज विकास हेतु सभी सेन समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से आव्हान किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने अकोली मे भवन के लिए स्वीकृत राशि को समोदा में भवन निर्माण किए जाने के लिए स्थानांतरित करने का निवेदन किया। छोटेलाल सोनकर ने उनकी मांगो को यथासंभव पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष गंगाराम सेन, अध्यक्ष कौशल सेन, उपाध्यक्ष कार्तिकराम सेन, सचिव चेतन सेन, कोषाध्यक्ष शत्रुहन सेन, सहसचिव डॉ. रेवा सेन, लेखपाल भरत सेन, उपकोषाध्यक्ष सतीश सेन, मुख्य सलाहकार बेदप्रकाश सेन, सलाहकार रामनारायण सेन, पर्यवेक्षक महेश सेन, संरक्षक दाऊलाल सेन, श्रवण सेन, ताम्रध्वज सेन, समाज सेवक जीवन सेन एवं पंचगण धर्मेन्द्र सेन, दिनेश सेन, राधेश्याम सेन, हरि सेन, पन्नालाल सेन, कमल सेन, चेतन सेन, मानसिंग सेन आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र को मजबूती व रोजगार उद्योग को बढ़ावा देने वाला बजट : शिवसेना

**आरंग।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। जिसका शिवसेना आरंग ने सराहना करते हुए स्वागत किया है। शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के छात्र-छात्रओं के उज्वल भविष्य के लिए दिशा देने वाला बजट है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र मे भी सराहनीय पहल किया गया है। गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवार के हितों को भी सरकार ने ध्यान मे रखते हुए यह बजट प्रस्तुत किया है। राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल की कीमत मे 1 रुपए की कटौती करने के साथ ही तीर्थयात्र योजना को पुनः प्रारंभ करने, स्वच्छ पेयजल गरीबों के लिए पक्का आवास एवं जनहित के लिए समर्पित बजट के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का शिवसेना जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दुबे, रिंकू यादव, व्यास सोनकर, टेकू देवांगन, रूपेश जलक्षत्री, रेखराज अग्रवाल एवं समस्त शिवसैनिको ने आभार व्यक्त किया।

## राज्यस्तरीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मलेन हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम निसदा में जय महावीर स्वामी बजरंग समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मलेन का आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के 18 ख्याति प्राप्ति रामायण मंडलियों ने आकर मानस मंच में भक्तिभाव पूर्ण से राम भजन, शंकर भजन, हनुमान भजन, दुर्गा भजन सहित होली, फाग गीत, सुवा गीत, जसजीत, हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी भजनों से गायक एवं गायिका तथा व्याख्याकार रामायण के पावन प्रसंगों से ग्रामीणजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मानस मंच संचालन पुरानिक हिरवानी, मनहरन साहू ने किया। मंदिर समिति के सदस्यों की सहमति, हीरालाल साहू, अशोक साहू, टोकेश साहू के संयोजन तथा ग्रामीणजनों के सहयोग से यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### इन्हें किया गया सम्मानित

मंदिर समिति के सदस्य युवराज साहू, महेश साहू, माखन साहू, खगेश साहू, नाथू साहू, मोहन साहू, डॉ. भुवन साहू, डॉ. छन्नू साहू तथा नवनिर्वाचित पंच एवं सरपंच मानसिंह निषाद को मंदिर समिति के सदस्यों एवं गांव के नागरिकों के द्वारा श्रीफल गमछा, चंदन–बंदन लगाकर सम्मानित किया गया।

## निमोरा में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा

# रामचरितमानस जीवन जीने की कला सिखाता है: ऋचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नवा रायपुर स्थित ग्राम निमोरा में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देवी ऋचा मिश्रा ने श्रोताओं को को प्रसंग के माध्यम से बताया कि श्रीराम कथा की आवश्यकता आज के समय में सर्वाधिक है, क्योंकि यह माता-पिता, भाई-भाई, गुरु-शिष्य जैसे रिश्तों की मर्यादा व कर्तव्य का बोध कराती है। कथावाचिका ऋचा ने श्री रामचरितमानस को अलौकिक ग्रंथ बताते हुए कहा कि यह जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने राम नाम का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि रा का अर्थ राष्ट्र और म का अर्थ मंगल, जो समस्त राष्ट्र का मंगल करे, वही राम हैं। श्रीराम कथा मे भगवान शिव का भी विशेष स्थान है। भगवान शिव राम भक्त शिरोमणि है। भगवान शिव ने स्वयं माता पार्वती को राम कथा सुनाई थी। भगवान शिव का ध्यान किए बिना श्रीराम की भक्ति का अधूरी मानी जाती है।

■ श्रीराम कथा रिश्तों की मर्यादा और कर्तव्य का कराती है बोध



### हर साल कराते हैं धार्मिक आयोजन

साहू परिवार द्वारा विगत 12 वर्षों से इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस बार इसका आयोजन डीसी प्रसाद साहू, प्रेमवती साहू, गुलाबचंद साहू, योगेश कुमार साहू, तुलेश कुमार साहू तथा तहसील साहू संघ अभनपुर के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 6 मार्च तक चलेगी, कथा श्रवण करने क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की भारी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## क्रूरतापूर्वक ले जा रहे 4 बछड़े के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**आरंग।** क्रूरता पूर्वक ठूंस–ठूंसकर ले जा रहे बछड़े के साथ तीन आरोपियों को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि टाटा एस वाहन क्र. सीजी 04 एलव्ही 3398 में अवैध रूप से कुररतापूर्वक ठूस–ठूसकर भरकर 4 बछड़ों को बिना चारा पानी के परिवहन कर ले जा रहे आरोपी दीक्षित पटेल पिता टेकराम पटेल उम्र 40 वर्ष साकिन छतौना (मंदिरहसौद), धर्मेंद बंजारे पिता हरीलाल बंजारे उम्र 35 वर्ष एवं लाकेश डहरिया पिता गौचरण डहरिया उम्र 33 वर्ष दोनो साकिन चिचा (मंदिरहसौद) को ग्राम निसदा चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिस पर थाना आरंग में अप.क्र. 136/2025 धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परिक्षण संशोधन अधिनियम 2011 पंजीबद्ध कर आरोपी वाहन चालक दीक्षित पटेल, धर्मेंद्र बंजारे, लाकेश डहरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड में रवाना किया गया है।



# महतारी की राशि का आधा ही मिल रहा पेंशन पाने वाली महिलाओं को

# कांग्रेस का हंगामा, बहिर्गमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को लेकर विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि शुरू में हितग्राहियों के जो आवेदन मिले थे उसमें आज की स्थिति में कम लोग हैं, इसकी जांच के बाद हितग्राहियों की संख्या कम हुई है। कब-कब और कितने बार जांच की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख 27 हजार 154 हितग्राहियों ने आवेदन भरा, इसमें कमी आने का कारण ये है, काफी लोगों की मौत हो गई और कुछ ने लाभ का त्याग किया। विधायक ने प्रश्न किया, जो महिलाएं 60 साल से ऊपर हैं, शादीशुदा हैं या परित्यक्ता हैं, वो यदि महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं, तो क्या उनकी पेंशन को काट रहे हैं या 500 रुपये कम किए जा रहे हैं। मंत्री ने जवाब दिया, 60 साल से ऊपर की महिलाओं का पेंशन नहीं काटा जा रहा है। उनको अंतर की राशि दी जा रही है। विधानसभा बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि कब-कब महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की जांच कराई गई। मंत्री ने जवाब दिया कि समय समय पर जांच होती रहती है। तारीख उपलब्ध करा दी जाएगी। सदस्य ने फिर सवाल किया कि बस्तर में महतारी वंदन योजना का ऐसा मामला सामने आया, जिसमें नाम किसी और का था, इस तरह के और भी प्रकरण पूरे प्रदेश में तो नहीं हैं। क्या इसकी जांच कराई गई? मंत्री राजवाड़े ने जवाब दिया कि बस्तर में ऐसा मामला सामने आया था। फर्जी तरीके से महतारी वंदन योजना का लाभ लिया जा रहा था। कार्यकर्ता और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई, इसके बाद विभाग की तरफ से प्रदेशभर में जांच कराई गई, इस तरह का कोई दूसरा मामला प्रदेश में नहीं आया।

### महतारी वंदन का क्राइटेरिया घोषणा पत्र के बाहर क्यों रखा

उमेश पटेल ने कहा, महतारी वंदन योजना में हीरो हिरोइन के नाम पर भी लाभ लिया जा रहा है, इसके बाद भी कोई जांच नहीं कराई गई। उन्होंने पूछा कि महतारी वंदन योजना के लिए क्या पात्रता होनी चाहिए? मंत्री राजवाड़े ने इसका जवाब देते हुए कहा, महतारी वंदन योजना के हितग्राही के लिए पात्रता, आयकर दाता ना हो, वर्ग 1, 2, 3 ना हो, 21 वर्ष से ज्यादा और विधवा, तलाकशुदा महिलाएं भी पात्र हैं। विधायक ने कहा, घोषणापत्र में सिर्फ आयकर की बात थी, इसके अलावा और कोई पात्रता नहीं रखी गई थी। घोषणापत्र के बाहर जाकर ये क्राइटेरिया क्यों रखा। मंत्री राजवाड़े ने जवाब दिया, जब 2023 के चुनाव में हमने वादा किया था कि हम महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देंगे। मार्च से हमने योजना की शुरुआत की। 10 मार्च को पहली किस्त में 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ पहुंचाया।

### पेंशन भोगी महिलाओं को दी जा रही अंतर राशि

विधायक उमेश पटेल ने प्रश्न किया जो महिलाएं 60 साल से ऊपर हैं, शादीशुदा है, या परित्यक्ता हैं, वो यदि महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं, तो क्या उनके पेंशन को काट रहे हैं या 500 रुपये कम किए जा रहे हैं। मंत्री ने जवाब दिया 60 साल से ऊपर की महिलाओं की पेंशन नहीं काटी जा रही है। उनको अंतर की राशि दी जा रही है। विधायक ने कहा, 60 साल से ऊपर की महिलाओं को सिर्फ 500 रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि घोषणा पत्र में ऐसा कुछ भी नहीं कहा गया था। विधायक ने कहा, जो महिलाएं सबसे ज्यादा जरूरतमंद हैं, जिन बुजुर्ग महिलाओं को सबसे ज्यादा पैसों की जरूरत है, उनके पैसे काटकर दिए जा रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया। अंतर की राशि देने की मांग करते हुए कांग्रेस विधायक सदन में नारेबाजी करने लगे।

### कांग्रेस ने पांच साल महिलाओं को ठगा, हंगामे के बीच बहिर्गमन

कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, जिन लोगों ने पांच साल महिलाओं को ठगा, पांच सौ रुपये नहीं दे सके और अभी आरोप लगा रहे हैं। उमेश पटेल ने कहा, महिलाओं के 500 रुपये जो काटे जा रहे हैं, इसकी घोषणा कर दीजिए कि 500 रुपये पेंशन से नहीं काटे जाएंगे। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल कुछ नहीं किया। विधवा महिलाओं को एक हजार रुपये नहीं दे पाए। हम कम समय में 70 लाख महिलाओं को 1 हजार रुपये हर महीने दे रहे हैं।

धान खरीदी में अनियमितताओं पर खाद्य मंत्री ने कहा : मांगी गई रिपोर्ट

## सक्षम लोगों को जारी किए गए बीपीएल के राशन कार्ड, होगी जांच

विधानसभा के बजट सत्र में राशन कार्ड परिवर्तन और धान खरीदी में अनियमितता के मुद्दे गरमाए। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में एपीएल से बीपीएल में बदले गए राशन कार्डों का मुद्दा उठाया। वहीं, कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी में अमानक बारदानों के इस्तेमाल पर सवाल खड़े किए। खाद्य मंत्री मंत्री दयालदास बघेल ने दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने आरोप लगाया कि 57 बीपीएल कार्ड ऐसे लोगों को जारी कर दिए गए हैं, जो सक्षम हैं और उन्होंने कभी आवेदन भी नहीं दिया। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए फर्जी कार्ड बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जवाब देते हुए कहा कि 2022 से 2025 तक किसी भी एपीएल कार्ड को बीपीएल में नहीं बदला गया। उन्होंने कहा, यदि इस संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है, तो सरकार जांच कराएगी। मंत्री ने सदन में बेलतरा विधानसभा के संदेहास्पद राशन कार्डों की जांच कराने की घोषणा की।



### धान खरीदी में अनियमितता का मामला गरमाया

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी में अमानक बारदानों के इस्तेमाल को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने इस मामले में कहा, उन्होंने स्वयं जाकर धान खरीदी केंद्रों की जांच की है और सरकार सदन को गुमराह कर रही है। महंत ने कहा, विधायकों की समिति से जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। मामले में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सदन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही है।

### बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री अनुपस्थित, नाराज विपक्ष ने किया बहिर्गमन



विधानसभा में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी सदन में मौजूद नहीं थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट पर सामान्य चर्चा शुरू करने के लिए विपक्ष की ओर से कांग्रेस विधायक उमेश पटेल का नाम पुकारा। वे चर्चा शुरू करते इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने वित्त मंत्री के सदन से अनुपस्थित होने की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए इस पर नाराजगी जताई, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, वित्त मंत्री के बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री सदन में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में इस पर 'हम भाषण देना नहीं चाहते' कहकर विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। विपक्ष के हंगामें के बीच आसंदी ने विधानसभा की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी। कार्रवाई फिर से शुरू होने पर वित्त मंत्री सदन में पहुंचे तब कांग्रेस की ओर से विधायक उमेश पटले ने अपने चर्चा की शुरुआत की। बजट पर सामान्य चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने दो दिन का समय निर्धारित किया है।

## खबर संक्षेप



### रायपुर क्षेत्र के 60 लाइनमैन का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में लाइनमैन दिवस पर रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 60 लाइनमैन का प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) भीमसिंह कंवर द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा, लाइनमैन वितरण तंत्र की नींव हैं जिसके बूते प्रदेश भर के 64 लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लाइनमैन स्टाफ को सुरक्षा शपथ दिलाई और आव्हान किया कि सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्यस्थल पर सेफ्टी जोन बना कर शांत मन से कार्य करें। । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव सिंह, अधीक्षण अभियंता गण अशोक खंडेलवाल, चंद्रमोहन कुमार, महेश ठाकुर सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरंग में निर्विरोध चुने गए जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष



**रायपुर।** जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को चुनाव हुए। इनमें आरंग जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए टाकेश्वरी मुरली साहू और उपाध्यक्ष पद के लिए रविन्द्र रिंकु चन्द्राकर को निर्विरोध चुना गया। इसी प्रकार अभनपुर जनपद में अध्यक्ष पद के लिए चंद्रिका बंजारे 16 मत प्राप्त कर विजयी हुई। उन्होंने निकटतम प्रत्याशी को 7 मतों से हराया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद में खेलुराम साहू ने संजीव गिरी गोस्वामी को 4 मतों से हराया। तिल्दा जनपद में अध्यक्ष पद पर टिकेश्वर मनहरे विजयी हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद में दुलारी वर्मा निर्वाचित हुई। धरसींवा जनपद में अध्यक्ष पद शकुंतला सेन विजयी हुई। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर दिनेश खुटे निर्वाचित हुए।

### संभाग कमिश्नर ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया। सुबह की पाली 10 बजे से दोपहर 1 बजे में कुल 37 अधिकारी उपस्थित थे, जिसमें राजस्व के 15 महिला एवं बाल विकास से 18, माइनिंग आदिवासी विकास के 2, पंजीयन विभाग के 1 अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ज्योति सिंह और डिप्टी कलेक्टर रजक उपस्थित रहे। यह परीक्षा 10 मार्च तक चलेगी।

रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की तारीख बदलने पर सियासत

# निर्दलियों ने समीकरण बिगाड़ा, दोनों दल के दावेदार एड़ी चोटी का लगा रहे जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला और जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 4 से 12 तारीख के बीच होने वाले चुनाव में रायपुर जिले में चार जनपद पंचायतें हैं, उनमें धरसीवा, तिल्दा, आरंग, अभनपुर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। अब जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव की तारीख 5 मार्च तय की गई थी, उसे बढ़ाकर 12 मार्च कर दिया गया है। संशोधित आदेश जारी होने के बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस समर्थित सदस्य जिन जिलों जीते हैं, वहां पर नेताओं के सारे प्रयास विफल हो गए, तब कलेक्टर अपने अधिकारों का उपयोग कर समय आगे बढ़ा रहे हैं। जिले में निर्दलियों ने समीकरण बिगाड़ा हुआ है। वहां दोनों दल के दावेदार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासत शुरू हो गई है। जिले में जिला पंचायत के 16 सदस्यों में आठ सदस्य भाजपा और कांग्रेस के 6 सदस्य चुनाव जीते हैं। दो निर्दलीय सदस्य चुनाव जीते हैं, वे कांग्रेस समर्थित बताए जा रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि जिला पंचायत में उनका अध्यक्ष बनने की पूरी संभावना है। इधर भाजपा भी दावा कर रही है कि उन्हें बहुमत का लाभ मिलेगा और उनका ही अध्यक्ष बनेगा। कांग्रेस अपने सदस्यों को एकजुट करने के भरसक प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि सरकार के दबाव में उनके लोगों को प्रलोभन दिए जा रहे हैं। पूर्व में जिला अध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को तय होना था। कलेक्टर रायपुर ने अब जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए 12 मार्च तय की है। चुनाव की नई तारीख आने के बाद कांग्रेसी अपने सदस्यों को एकजुट रखने फिर से नई रणनीति बनाने में जुटे हैं।



### भाजपा-कांग्रेस कर रही समर्थन जुटाने का प्रयास

जिला पंचायत अध्यक्षों के चयन प्रकिया को लेकर घमासान देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की तैयारी चल रही है। कांग्रेस-भाजपा दोनों ही पार्टियां जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू कर दी है। जिन जिलों में निर्दलियों ने समीकरण बिगाड़ा हुआ है, वहां दोनों दल के दावेदार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अचानक नई तारीख आने के बाद रणनीति में फिर से परिवर्तन किया गया है। उनका कहना है कि दो निर्दलीय चुनाव जीत कर आए हैं, वे कांग्रेस समर्थित रहे हैं। पार्टी ने उन्हें अधिकृत नहीं किया था, ऐसे में उनका साथ चुनाव में मिलने की पूरी संभावना है। दोनों दलों की ओर से समर्थन जुटाने का प्रयास हो रहा है।

### कानून की धज्जियां उड़ा रहे : वर्मा

रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा, भाजपा जिला पंचायत एवं जनपद में कानून का धज्जियां उड़ानें पर आमदा है जहां जहां कांग्रेस समर्थित जिलों में अध्यक्ष बनने की स्थिति में है वहा नेता, अधिकारी, पूरा प्रशासन के प्रयास भी विफल रहा, तो कलेक्टर रूपी ब्रह्मास्त्र उपयोग कर रहे। सारी हदें पार कर रहे इसका विरोध करते हैं। शासन के इस निर्णय का विरोध करेंगे।

### चयन प्रक्रिया का सही तरीके से हो संचालन

राजधानी रायपुर में शिवरतन शर्मा को पर्यवेक्षक बनाया है। पार्टी के अनुसार पर्यवेक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे जिला पंचायत अध्यक्ष चयन प्रक्रिया का सही तरीके से संचालन सुनिश्चित करें। पार्टी नेतृत्व की तरफ से यह कदम संगठन की मजबूती और प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए उठाया गया है।

## आज 16 जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव भाजपा का सभी में जीत का दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंचायत चुनावों में बुधवार से जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ हो रहा है। इस दिन 16 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव होना है। सभी स्थानों के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशी तय कर लिए हैं। कुछ स्थानों पर नामों का खुलासा कर दिया गया है, लेकिन बाकी स्थानों पर चुनाव से पहले ही प्रत्याशी का ऐलान होगा। भाजपा को छह जिलों में अध्यक्षों के निर्विरोध चुने जाने के साथ ही सभी 16 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का भरोसा है। रायपुर में चुनाव 12 मार्च को होगा। यहां पर भाजपा के पास बहुमत नहीं है, वह बराबरी पर है। यहां पर जीत के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है।

पंचायत चुनाव में नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस लगातार जिला पंचायतों में जीत का दावा कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा का सभी जिला पंचायतों में जीत का दावा है, वहीं कांग्रेस भी दो दर्जन से ज्यादा जिलों में जीत का दावा कर रही है। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं।

### इन जिलों के अध्यक्ष आज होंगे तय

जिला पंचायत के जिन 16 जिलों में बुधवार को चुनाव होना है, उनमें कोरिया, जशपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा अनुसूचित जनजाति मुक्त है। यहां पर महिला या पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोरिया में अध्यक्ष के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशी मोहित पैकरा हैं। सक्ती जिला अनारक्षित मुक्त, बेमेतरा अनारक्षित महिला, कांकेर, बस्तर, बीजापुर अनुसूचित जनजाति महिला, खैरागढ़ अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन सभी में भाजपा को जीत का भरोसा है। सक्ती में अध्यक्ष के लिए भाजपा की संभावित प्रत्याशी विद्या सिदार, जांजगीर चांपा में सतलता मिरी हैं। भाजपा को छह जिलों मुंगेली (अनारक्षित मुक्त), जांजगीर चांपा और दुर्ग (अनुसूचित जाति महिला), गरियाबंद (अनुसूचित जाति मुक्त), मोहला मानपुर और नारायणपुर (अनुसूचित जनजाति मुक्त) में निर्विरोध जीत का भरोसा है।

## महतारी वंदन योजना में आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में महतारी वंदन योजना को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विपक्ष के सवालों का बड़ी आसानी से जवाब दिया। वहीं, सदन की कार्यवाही के बाद उन्होंने मीडिया से बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना में आवेदन की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक बार फिर महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। आने वाले समय में फिर से आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। पोर्टल खुलने के बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। नई महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने का मौका मिलेगा।

**69.63 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा लाभ :** इससे पहले मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ 6963621 महिलाओं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को योजना की पात्रता मापदंड में आने एवं आवेदन करने के कारण योजना के तहत 44425 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 45018 आंगनबाड़ी सहायिका, 973441 विधवा तथा 105520 परित्यक्ता महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है।

## दस या अधिक श्रमिकों वाले दुकानदारों नियोजकों को अब कराना होगा श्रम विभाग में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में दस या दस से अधिक श्रमिकों-कर्मचारियों से काम लेने वाले दुकानदारों और नियोजकों को नये दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 के तहत अपनी दुकानों का पंजीयन श्रम विभाग में कराना होगा। इसके लिए श्रम विभाग के सभी जिला कार्यालयों को अधिकृत किया गया है। श्रम विभाग के जिला कार्यालय विभागीय पोर्टल श्रममेव जयते के माध्यम से दुकानों और स्थापनाओं का ऑनलाईन पंजीयन करेंगे। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम फरवरी से प्रभावशील हो गया है और अगले छह महीने में इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दुकानों और स्थापनाओं को श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। बताया गया है कि अधिनियम के तहत लेबर कमिश्नर को मुख्य फेसिलिटेटर और लेबर इंस्पेक्टर तथा सब इंस्पेक्टर को फेसिलिटेटर के रूप में नियुक्त किया गया है। दुकानों और स्थापनाओं के पंजीयन के लिए नियोजित श्रमिकों-कर्मचारियों की संख्या के आधार पर पंजीयन शुल्क एक हजार रुपये से लेकर अधिकतम 10 हजार रुपये तक निर्धारित किया गया है।

**मिलेगा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्रः** पंजीयन के बाद हर एक दुकान एवं स्थापना को श्रम पहचान संख्या वाला डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुराने दुकान एवं स्थापना अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम एवं कर्मचारी भविश्य निधि अधिनियम के तहत पंजीकृत दुकानों और स्थापनाओं को नये अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जाएगा, परन्तु उन्हें नये अधिनियम लागू होने की तिथि से छः महीने के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें कोई पंजीयन शुल्क नहीं देना होगा। छः महीने बाद आवेदन करने पर नियमानुसार शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

बजट पर चर्चा

## चौधरी ने भाजपा प्रवक्ताओं को बजट की विस्तार से दी जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को बजट के प्रमुख प्रावधानों और घोषणाओं के बारे में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स को विस्तार से जानकारी दी। श्री चौधरी ने बजट में की गई बड़ी घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, पुराने केस में 25 हजार रुपए से कम वैट वालों को माफी दी गई है।

- संपत्ति खरीदी पर स्टाम्प फीस का 12 प्रतिशत सेस खत्म किया जाएगा
- शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी किया गया है फोकस

इसी प्रकार 15 हजार रुपए मासिक आय वाले अब प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र होंगे। संपत्ति खरीदी पर स्टाम्प फीस का 12 प्रतिशत सेस खत्म किया जाएगा। राजधानी में निफ्ट खुलेगा। श्री चौधरी ने भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स की जिज्ञासा और सवालों के परिप्रेक्ष्य में कहा, बजट में किए गए प्रावधानों से प्रदेश के हर वर्ग को सहूलियत मिलेगी। यह बजट प्रदेश के कारोबारियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, कर्मचारियों के कल्याण और आगे बढ़ने के अवसरों के द्वार खोलने जा रहा है। इस बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है जिससे प्रदेश सरकार का संवेदनक्षम दृष्टिकोण परिलक्षित हो रहा है।

श्री चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की आधारभूत संरचना के कार्यों के प्रति संजीदगी को भी प्रदर्शित करता है। सुशासन के संकल्प को तकनीक के सहारे धरातल पर साकार किया जाएगा। श्री चौधरी ने प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स से बजट प्रस्ताव की सभी योजनाओं व घोषणाओं के हर बिंदु को आम जन तक ले जाने की अपील की। मीडिया विभाग ने श्री चौधरी का शाल, श्रीफल, मोमेंटो से सम्मान किया।

कलेक्टर ने रेडक्रास सभाकक्ष में ली समय-सीमा की बैठक

# अवैध खनन पर होगी एफआईआर, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिले में खनिज सामग्री का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अब एफआईआर भी होगी। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में अवैध खनन और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाएं। इसके लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में अवैध खनन और अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवैध खनन के प्रकरण पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ एफआईआर दर्ज कराने की भी बात कही है।

**सड़कों पर खड़ी कंडम गाड़ियां हटाई जाएंगी :** कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सड़कों पर खड़ी कंडम गाड़ियों को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ उन्होंने व्यावसायिक दुकानों के सामने सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस दौरान उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ग्राम स्तर के नोडल अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह अपनी जिम्मेदारी से कार्य करते हुए गांव का दौरा कर समयावधि पर रिपोर्ट दें। बैठक में डीएफओ लोकनाथ पटेल, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बंधक श्रमिकों के सर्वेक्षण संबंधी कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक भी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंधक श्रमिकों के सर्वेक्षण के लिए ऐसी संस्थाओं का चयन किया जाए जो निर्धारित मापदण्डों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही सघन निरीक्षण करने तथा अनुभवी कार्यक्षेत्र में अनुभव रखें। इसके साथ ही उन्होंने बंधक श्रमिकों के सर्वेक्षण संबंधी कार्यवाही को निर्धारित समय-सीमा मे पूर्ण करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान पलायन एवं बंधक श्रमिकों की शिकायतों की भी विस्तार से जानकारी ली तथा बंधक श्रमिकों के सर्वेक्षण संबंधी कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# परमानेंट किचकिच...रविवि ने पहले 8, फिर 7 बजे किया परीक्षा समय, एक घंटा देर से पहुंचे 20% छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि की परीक्षाओं में बार-बार बदलाव किए जाने की परंपरा स्थायी होती जा रही है। इस बदलाव की जानकारी नहीं मिलने पर छात्रों को होने वाली परेशानी और परीक्षा केंद्र में होने वाली किचकिच भी अब परमानेंट हो गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। रविवि ने पूर्व में प्रातः काल की परीक्षा का समय 8 से 11 बजे निर्धारित किया था। कुछ दिनों पूर्व ही इसमें बदलाव करते हुए समय बदलकर सुबह 7 से 10 बजे कर दिया गया। अधिकतर छात्रों ने पुरानी समय-सारिणी को ही डाउनलोड करके रखा था। इसी के अनुसार वे परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। जिन छात्रों को समय-परिवर्तन की जानकारी महाविद्यालय प्रबंधन, सहपाठियों अथवा अन्य संपर्क सूत्र से मिल गई वे 7 बजे तक परीक्षा में शामिल होने पहुंच गए। इसके उलट जिन छात्रों को जानकारी नहीं मिल सकी वे 8 बजे के लगभग ही पहुंचे। ऐसे छात्रों की संख्या कुल परीक्षार्थियों की 20 प्रतिशत रही। अधिकतर महाविद्यालयों ने मानवीय आधार पर इन छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान कर दी।

■ पिछली परीक्षाओं में भी निर्मित हुई थी यह स्थिति, किस्तों में बदली गई है समय-सारिणी

## अधिकतर महाविद्यालयों ने छात्रों को दी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

### दूसरी शिफ्ट में पहुंच गए 2 घंटे पहले

ना सिर्फ प्रथम शिफ्ट बल्कि दूसरी शिफ्ट के समय में भी रविवि द्वारा परिवर्तन किया गया है। दूसरे शिफ्ट की परीक्षा पूर्व में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित थी। बाद में इसे दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे कर दिया गया। पहली शिफ्ट में विद्यार्थी जहां एक घंटे देर से पहुंचे वहीं दूसरी शिफ्ट में 2 घंटे पहले पहुंच गए। पहले पहुंचने वाले विद्यार्थियों को उतनी दिक्कत नहीं हुई, जितनी विलंब से पहुंचने वाले विद्यार्थियों को। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र में भी समय में बदलाव किया गया था। उस दौरान भी छात्रों के समक्ष यही समस्या उत्पन्न हुई थी। छात्रों को आगामी परीक्षाओं में समय से पहुंचने के निर्देश महाविद्यालयों द्वारा दिए गए हैं।



### नहीं मिल सकी सूचना

कई विद्यार्थियों विशेषकर प्राइवेट स्टूडेंट्स को समय-परिवर्तन की सूचना नहीं मिल सकी थी। वे पूर्व में जारी समय-सारिणी के आधार पर ही केंद्र में पहुंचे थे।
*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन*

## खबर संक्षेप

### जोरा मॉल से ललित महल तक सर्विस रोड बनाने की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साई नगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डा. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी सहित प्रतिनिधिमंडल ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। साथ ही जोरा मॉल से ललित महल तक दोनों तरफ की सर्विस रोड बनवाने के लिए विभागीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संज्ञान में लाते हुए जन सुरक्षा के इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करने की मांग की है। इस मौके पर समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने बताया कि रायपुर से आरंग रोड नया राजधानी जाने के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोरा से लेकर ललित महल के दोनों ओर की सर्विस रोड को आज तक नहीं बनाया गया है। इसी कारण आए दिन इस रोड पर यातायात के अत्यंत दबाव के चलते बहुत ज्यादा सड़क हादसे होते रहते हैं। साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय भी इसी रोड पर होने से यहां पर शिक्षारत छात्र-छात्राओं, गुरुजनों और अनेकों कर्मचारियों का जोखिम भरा आना-जाना बना रहता है। कृषि महाविद्यालय रायपुर का प्रमुख प्रवेश द्वार सर्विस रोड के अभाव और एक्सीडेंट्स की आशंकाओं के कारण बंद रखना पड़ता है यदि निकट भविष्य में इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर नई सर्विस रोड का निर्माण हो जाएगा तो कृषि महाविद्यालय का प्रमुख प्रवेश द्वार को खोला जा सकता है जो की जन सुरक्षा की दृष्टि से सदैव हितकारी होगा।

## निधन

### किशनचंद नारवानी



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर निवासी किशन चंद नारवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमृतलाल, श्यामलाल, रामचंद्र,जयराम दास, राकेश नारवानी के पिता एवं प्रकाश नारवानी के भाई थे।

### शाहिद हुसैन



**रायपुर।** गोलछा प्लाजा, नलघर चौक, रायपुर निवासी शाहिद हुसैन (73) एडवोकेट का मंगलवार को निधन हो गया है। वे हुसैन शाहिद एवं मारिया हुसैन के पिता थे।

# वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा 4 मई व सिविल जज की 18 मई को

## पीएससी ने जारी किया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा 4 मई को आयोजित करेगा, जबकि सिविल जज की परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। दोनों ही परीक्षाओं के लिए पीएससी ने विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। मंगलवार को जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक, वाणिज्य और उद्योग विभाग के अंतर्गत वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए विज्ञापन पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को जारी किया गया था। विज्ञापन निकाले जाने के पांच माह बाद परीक्षा शेड्यूल पीएससी ने जारी किया है। इसके लिए केवल राजधानी रायपुर में ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। अर्थात प्रदेश के किसी भी हिस्से में रहने वाले परीक्षार्थी को रायपुर आकर ही परीक्षा दिलानी होगी। सिविल जज जूनियर के लिए विज्ञापन 2024 में 23 दिसंबर को निकाला गया था। इसकी परीक्षा 18 मई को होगी। रायपुर के साथ-साथ बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में भी इसके लिए केंद्र बनाए जाएंगे। यह परीक्षा 10 से 12 बजे दो घंटों की होगी। दोनों ही परीक्षाओं के लिए प्रवेशपत्र 10 दिन पूर्व वेबसाइट में अपलोड किए जाएंगे। किसी भी परीक्षार्थी को पृथक रूप से प्रवेशपत्र प्रेषित नहीं किया जाएगा।

■ परीक्षा के 10 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे प्रवेशपत्र

***पूछे जाएंगे छग के सवाल :*** पीएससी ने दोनों परीक्षाओं के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया है। वाष्प नियंत्रक की परीक्षा तीन घंटों तक चलेगी। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होने वाली इस परीक्षा में दो पार्ट होंगे।

## प्रापर्टी आईडी है, पर मोबाइल नंबर सही नहीं

# 30 हजार बकायादारों के मोबाइल नंबर गलत, 2 माह से ट्रेस करने जुटा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के आईटी सेल को 30 हजार करदाताओं के मोबाइल नंबर ट्रेस करने में पसीना छूट रहा है। बकाया कर की वसूली के लिए संबंधित करदाता को उनके पंजीकृत मोबाइल पर कॉल कर डिमांड नोट भेजना है, पर इन करदाताओं के मोबाइल नंबर सही नहीं होने से राजस्व विभाग की परेशानी बढ़ गई है। पिछले 2 माह से राजस्व महकमा इसे ट्रेस करने की कोशिश में जुटा है।

■ राजस्व महकमे को 350 करोड़ राजस्व वसूली का मिला टारगेट

नगर निगम के राजस्व महकमे को इस वित्तीय वर्ष में शहरभर के करदाताओं से 350 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट मिला है। इसकी तुलना में अब तक 10 जोन स्थित 70 वार्डों से राजस्व विभाग 177 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली कर पाया। निकाय चुनाव की आचार संहिता सहित अन्य कारणों के चलते राजस्व वसूली की रफ्तार इस बार धीमी रही। ऐसे में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सरकारी अवकाश के दिनों में भी राजस्व विभाग को करदाताओं की सुविधा के लिए जोन स्तर पर राजस्व वसूली शिविर लगाने निर्देश दिये हैं। निगम मुख्यालय में भी करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए सदर काउंटर खोले गये।




### 30 हजार करदाता तक नहीं पहुंच पा रहा राजस्व महकमा

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले 30 हजार बकाया करदाता जिनके नाम प्रापर्टी आईडी जारी की गई है, उनके मोबाइल नंबर डेड होने या गलत होने के कारण राजस्व महकमा ऐसे करदाताओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। अब बकाया करदाता के मोबाइल नंबर को अपग्रेड करने नगर निगम जुटा हुआ है।

### बकायादार हैं, ट्रेस कर रहे हैं

30 हजार करदाताओं के मोबाइल नंबर गलत होने की वजह से उन्हें ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे करदाता नगर निगम के बकायादार हैं और रायपुर शहर में अलग-अलग इलाके से हैं। उनके मोबाइल नंबर अपग्रेड करने टीम जुटी हुई है।
*- रंजीत रंजन, आईटी हेड सेल, नगर निगम, रायपुर*

# सफाई कर्मचारी काम बंद कर एक साथ बैठे मिले ठेकेदार पर 15 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में एक तरफ जहां केन्द्रीय टीम शहर की सफाई का जायजा लेने आने वाली है, वहीं नगर निगम के वार्डों में ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9:30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले। यह नजारा अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन 1 क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण के दौरान प्रत्यक्ष रूप से देखा। यही नहीं, सफाई गैंग के कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम मिले। सफाई में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अनुबंधित ठेकेदार शशांक मिश्रा को तत्काल नोटिस और 15 हजार रुपये जुर्माना स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया।



■ अपर आयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों का निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान 15 सफाई कर्मचारी में से 5 अनुपस्थित मिले। डयूटी पर आये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9 :30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले।

अपर आयुक्त ने इस पर सज्ञान लेते हुए जोन 1 के जोन कमिश्नर को जोन सफाई गैंग से संबंधित अनुबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जोन कमिश्नर ने जोन सफाई गैंग के अनुबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करते हुए 15 हजार रुपये जुर्माना किया।

# ब्राइट मार्केटिंग की दुकान में चोरी, एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक ब्राइट मार्केटिंग की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। तीनों के कब्जे से चोरी किए कॉपर पाइप 27 किलो 300 ग्राम, 4 बंडल वायर व नकदी रकम 4300 रुपए जब्त किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 फरवरी की रात में तेलीबांधा गली नंबर-7 स्थित प्रार्थी जहीर सलाट की ब्राइट मार्केटिंग की दुकान है। दुकान में एसी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, माइक्रो वेब एवं अन्य स्पेयर पार्ट्स की बिक्री की जाती है। जहीर घटना वाली रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब वह 11 बजे दुकान पहुंचा, तो शटर के दोनों साइड के लॉक टूटे मिले। अंदर जाकर देखा, तो दुकान में रखे कॉपर पाइप 90-100 किलो, श्री



कोर वायर 4 बंडल, नकदी 60 हजार रुपए नहीं थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गौतमराम पटेल 25 वर्ष, गुरूमेन्द्र कुलहरिया ऊर्फ मुचरू 35 वर्ष निवासी तथा अन्य एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी सुभाषनगर देवार पारा के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सामान बरामद किए हैं, जिसकी कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।

## पेज 11 के शेष ...

### निजी कंपनी के फर्जी...

सूत्रों के अनुसार, कर्मचारी ने लेन-देन से संबंधित सभी दस्तावेज कार्यालय से गायब कर दिए हैं। वेतन भुगतान, वेंडर भुगतान सहित किसी भी तरह के भुगतान के कोई दस्तावेज क्षेत्रीय कार्यालय में नहीं मिले। इसके कारण जांच अधिकारियों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की राशि का ऑनलाइन ब्योरा निकालना पड़ा। इसके आधार पर ही जांच आगे बढ़ाई गई। दो सत्र 2023-24 और 2024-25 में गड़बड़ी की बात कही जा रही है। ऐसे में दो सत्रों का ब्योरा निकालने में जांच अधिकारी भी हांफ गए और सुबह से रात हो गई। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई दो सदस्यी जांच टीम में सहायक संचालक वित्त डीएस देवांगन और एकाउंटेंट आकाश दुबे शामिल रहे।

### मौसम का धोखा ...

लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा है। दोपहर को धूप के सीधे संपर्क में आने की वजह से लोगों में सिरदर्द की परेशानी बढ़ी है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी होने के वजह से भी लोग डिहाईड्रेड होकर दूसरी तकलीफों के साथ अस्पताल पहुंचने लगे हैं। चिकित्सकों के अनुसार लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ भी होने लगी है और लूज मोशन, पेट में ऐंठन जैसी शिकायतों की भरमार होने लगी है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डाक्टरों के पास इस तरह के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। डाक्टरों के मुताबिक विभाग में सामान्यतः ओपीडी दो से ढाई सौ की होती है, जिसमें 20 प्रतिशत मरीज मौसमी बीमारी से संबंधित हैं।

### शहर की 32 टंकियां...

रही। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि बुधवार सुबह शहरवासियों को नियमित रूप से पीने का पानी मिलने लगेगा। दरअसल, केनाल रोड के पास 150 एमएलडी प्लांट के रॉ वाटर पाइप लाइन में लीकेज मरम्मत के लिए मंगलवार सुबह नियमित जल आपूर्ति के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य करने 10 घंटे का शटडाउन रहा। मंगलवार को सुबह नियमित जल आपूर्ति करने के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। ट्रैफिक विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई, ताकि संबंधित मार्ग पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य के समय ट्रैफिक को डायवर्ट कराया जा सके।

### शहर की इन पानी...

भरने से बैरनबाजार की नई पानी टंकी, देवेन्द्र नगर नई पानी टंकी, संजय नगर और मोतीबाग पानी टंकी से मंगलवार की शाम जल आपूर्ति बाधित रही।

### एमडी-एमएस करने अब...

भी रखी गई हैं, जिसमें पढ़ाई पूरी होने अथवा अध्ययन अवकाश के बाद 5 साल की अनुबंध सेवा अनिवार्य होगी। इस नियम का पालन नहीं करने पर संबंधित छात्र से अध्ययन अवकाश प्रारम्भ होने की तिथि से राशि वापस करने की तिथि तक 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से वसूली की जायेगी। इस रकम की वसूली नहीं हो पाने पर संबंधित चिकित्सक की एमबीबीएस, पीजी अथवा अन्य सुपरस्पेशलिटी डिग्री छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा निरस्त की जाएगी। साथ ही राज्य शासन वसूली राशि को भू-राजस्व के तौर पर वसूली किये जाने के लिए स्वतंत्र होगी।

### बंद नहीं होगा...

की पढ़ाई होती हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये बदलाव किए जा रहे हैं। दरअसल एनईपी के अंतर्गत नए नियम बनाने के पूर्व कई कमेटी बनाई गई थी। इनसे रिपोर्ट भी मांगी गई थी। बीएड व डीएलएड महाविद्यालयों की भी रिपोर्ट तैयारी की गई। इस रिपोर्ट में यह कहा गया कि ऐसे कॉलेज जहां सिर्फ बीएड अथवा डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है, वे पढ़ाई को लेकर गंभीर नहीं हैं।

# निजी स्कूलों से पूछी जाएगी मर्जी परीक्षा में शामिल होना है अथवा नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा अब निजी स्कूलों से पूछा जाएगा कि वे उनके द्वारा आयोजित पांचवी-आठवीं की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं अथवा नहीं? जो स्कूल इसके लिए सहमति प्रदान करेंगे, उनकी परीक्षा जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा ली जाएगी, जबकि इनकार करने वाले विद्यालय अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित करेंगे। गौरतलब है कि अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने निजी स्कूलों को केंद्रीकृत परीक्षा से छूट प्रदान कर दी है। न्यायालय के इस आदेश के बाद निजी स्कूल केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने के लिए स्वतंत्र होंगे।

■ उच्च न्यायालय ने दी है केंद्रीकृत परीक्षा से छूट, 17 मार्च से होंगी परीक्षाएं

■ संकुल समन्वयकों को दिए गए हैं निर्देश 5 मार्च तक देनी होगी सूचना

सोमवार को आए आदेश के बाद जिला और ब्लॉक शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें संकुल समन्वयकों से कहा गया है कि जिन-जिन संकुलों में निजी विद्यालय संचालित है, उनसे केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होने संबंधी लिखित सहमति या असहमति पत्र 5 मार्च को 1 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा की जाए। इस सहमति अथवा असहमति के आधार पर ही निजी स्कूलों के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।



### पांचवी से अधिक छात्र आठवी में

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रश्नपत्र प्रकाशन के लिए मुद्रक के पास भेजा जा चुका है। प्रश्नपत्र छपाई के लिए शालावार छात्र संख्या पहले ही एकत्र की जा चुकी थी। आंकड़ों के मुताबिक, पांचवी कक्षा से अधिक छात्र आठवीं कक्षा में हैं। रायपुर जिले में शासकीय और निजी दोनों विद्यालय मिलाकर पांचवी कक्षा में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 35 हजार 873 है। जबकि आठवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 37 हजार 764 है। गौरतलब है कि पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू हो रही है।

### 80% नहीं होंगे शामिल

रायपुर जिले में 924 निजी विद्यालय हैं। इनमें से 499 रायपुर शहर में हैं। हमसे सहमति मांगी जा रही है, किंतु जिले के 80% स्कूल इस केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल नहीं होंगे।
*- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन*

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - पी2बी - 350 को श्री महेश कुमार शर्मा पिता स्व. श्री बाला प्रसाद शर्मा निवासीः– जूनियर एम.आई.जी - 4/9, अनुजा विलेज, होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। श्री महेश कुमार शर्मा पिता स्व.श्री बी.पी. शर्मा की मृत्यु दिनांक 23.01.2025 को हो गया है। श्री मयूर शर्मा पिता श्री हरीओम शर्मा ने अपने चाचा श्री महेश कुमार शर्मा पिता स्व.श्री बी.पी. शर्मा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री मयूर शर्मा पिता श्री हरीओम शर्मा के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 65, को श्री नरेश कुमार काचलवार पिता स्व. श्री गोविंद राव काचलवार के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 12.12.2014 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री नरेश कुमार काचलवार पिता स्व. श्री गोविंद राव काचलवार निवासी सी-9/10, त्रिमूर्ति नगर, इंदिरा आवास कालोनी टिम्बर मार्केट के पास, फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री हुमन लाल साहू पिता श्री नरोत्तम साहू निवासी ग्राम राखी, पोस्ट ऑफिस भाठागांव, थाना व तहसील कुरुद जिला धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 65, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार श्रीमती संगीता साहू, पति श्री अश्वनी कुमार साहू, साकिन- प्रिंस कालोनी, गोल्डन मार्बल गली, डॉ बिंझवार हाउस के पास, लक्ष्मी नगर, रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती शीला शर्मा, पति श्री एच.एन शर्मा, साकिन अवंति विहार, रायपुर छ.ग. द्वारा आम मुख्तयार श्री संजीव कुमार पिता श्री रामचन्द्र प्रसाद, निवासी श्रृष्टि गार्डन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि स्थित वाके मौजा ग्राम तेलीबांधा, श्रृष्टि गार्डन, शाताब्दी नगर, वार्ड क्र. 44 गुरूघासीदास वार्ड, प.ह.नं. 113, रा.नि.मं. रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित जिसका खसरा नंबर 213/1-2, 214/4, 215/1, 215/4-5, 191/8 का भाग (सविलियन खसरा नंबर 15012/26) रकबा 1360 वर्गफूट जिस पर 680 वर्गफूट पर भूतल एवं प्रथम तल पर मकान निर्मित है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय किया गया है।

यह कि, उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्था, बोर्ड, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावे तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि में मेरे पक्षकार का नाम दर्ज कर लिया जावेगा। म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 03.03.2025

भवदीय,
**भुवन लाल साहू, मधुसुदन शुक्ला अधिवक्तागण**
मो.नं.-9806161000, 9301006900
**वास्ते श्रीमती संगीता साहू पति- अश्वनी कुमार साहू**
मो.नं.-9826108055

**आम सूचना**

(मौजा-ग्राम-पचेड़ा, प.ह.न.-26, रा.नि.म. नवापारा, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित सिंचित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर-879, रकबा 0.4200 हेक्टेयर के सम्बन्ध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री राघवेन्द्र दीवान पिता स्व. श्री बलरामधर दीवान निवासी एल आई जी-34. सेक्टर-4, दीन दयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक एवं स्वामित्व तथा आधिपत्य की सिंचित कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम पचेड़ा, प.ह.न.-26. रा.नि.म.-नवापारा, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नं.-879 रकबा 0.4200 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है तथा विक्रय विलेख की निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य किसी को कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रय विलेख की निष्पादन एवं बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठा, नाजायज एवं शुन्य माना एवं समझा जावेगा। जो मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकार नहीं होगा।

**सो सूचना जाने**

स्थान रायपुर
दिनांक : 04/03/2025 **भवदीय**
**एच डी सुन्दरानी, कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी (अधिवक्तागण)**
ऑफिसः-15/994, प्रथम तल,
ई.ए.सी.कॉलोनी, रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे,
रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो.नं-9300762038, 8839604656

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202502110800054/अ- 6/2024-25
ग्राम- गोंदवारा, प.ह.नं. 37
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 27/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती ललिता झा पति श्री शंभुनाथ झा निवासी विद्यापति नगर गोंदवारा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम गोंदवारा, प.ह.नं. 37, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 679/44, रकबा 0.0070 हे. याने 732 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता साकेत नीखरा पिता श्री हरिशंकर नीखरा निवासी शिवानंद नगर खमतराई रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/02/2024 के माध्यम से क्रय किया है। अतः आवेदित भूमि में से विक्रेता साकेत नीखरा पिता श्री हरिशंकर नीखरा का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17/03/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**



## अस्पतालों में डिजिटल मिशन योजना पर जोर

रायपुर। सरकारी अस्पताल में पेपर वर्क के बजाए ऑनलाइन डिजीटल मिशन की योजना को अपनाने पर जोर दिया गया। पिछले दिन ऑनलाइन स्वास्थ्य प्रणाली का जायजा लेने सचिव अमित कटारिया और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रियंका शुक्ला ने जिला अस्पताल पंडरी का दौरा किया था। उन्होंने आयुष्मान आभा कार्ड, पीएचआर एप, एचपीआर, नेस्टजेन एचएमआईएस के अंतर्गत आने वाले समस्त मॉड्यूल जैसे ओपीडी पंजीयन, ओपीडी क्लिनिक, आईपीडी, लैब इनफॉर्मेशन सिस्टम, रेडियोलॉजी इनफॉर्मेशन सिस्टम, बिलिंग एवं अन्य माड्यूल का अवलोकन किया।







# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने नवा रायपुर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर मंगलवार को सेवानिवृत्त पेंशनभोगी कर्मचारियों ने अपने 9 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोला। अटलनगर नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता जलसंसाधन विभाग कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रमुख मांग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में किए गए सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, अवकाश नकदीकरण उपादान सहित अन्य मांग रही। कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता कार्यालय का घेराव किया। नवा रायपुर अटनगर स्थित जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के सामने सेवानिवृत पेंशन भोगी कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक, विनोद जैन, बीएस दसमेर, अनिल गोलहानी, आरजी बोहरे, शत्रुघ्न प्रसाद दुबे, नैन सिंह, उमेश सिंह, दाऊ लाल अग्रवाल, संतोष कुमार मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव,नागेन्द्र सिंह के साथ महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, अंबिकापुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़ बलौदाबाजार,जिले के कर्मचारी शामिल हुए।

### 9 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई

प्रदर्शन के दौरान जलसंसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष इन्द्रजीत उईके प्रदर्शनकारियो के बीच आकर पेंशनर्स महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को चर्चा हेतु कार्यालय के कक्ष में आमंत्रित किया। चर्चा में विभाग की ओर से जल संसाधन के प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उईके के साथ महानदी परियोजना के मुख्य अभियंता एस.सी गुरुवर, प्रशासकीय अधिकारी प्रसून शर्मा और पेंशनर महासंघ की ओर से वीरेन्द्र नामदेव, अनिल पाठक, विनोद जैन, बी एस दसमेर सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। 1 घंटे से अधिक समय तक चले बातचीत में 9 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





शरीर को ठंडा रखने अब रसदार फल का सेवन भी

# शेर और भालू को लगी गर्मी कूलर की ठंडी हवा में आराम

## तापमान बढ़ते ही जंगल सफारी में बदला डाइट चार्ट, अब हर दिन होगी मॉनिटरिंग

मार्च का महीना शुरू होते ही जंगल सफारी में वन्यप्राणियों को भी गर्मी महसूस होने लगी है। शेर और भालू के बाड़ों में अब कूलर चालू कर दिए गए हैं। पिंजरों के सामने बड़े कूलर लगाए गए हैं। तेज गर्मी और दोपहर की धूप से बचने के लिए अब ये जानवर अपने बाड़ों में ठंडी हवा के बीच आराम कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में जू के वन्यप्राणियों को भी परेशानी होती है, खासकर दोपहर के समय जब सूर्य की किरणें तेज होती हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जू प्रबंधन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

**रायपुर।** जंगली सफारी में बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्यप्राणी अब कूलर की ठंडी हवा का आनंद ले रहे हैं। वहीं, शाकाहारी वन्यप्राणियों के पिंजरे के शेड में घास और पक्षियों के पिंजरे में ग्रीन नेट और खस लगाए गए हैं। इन उपायों से जू प्रबंधन वन्यप्राणियों के घर को ठंडा रखने की कोशिश कर रहा है। हरिभूमि टीम मंगलवार को जंगल सफारी पहुंची। बाड़े में विचरण करने वाले बाघ, भालू, लोमड़ी, संभार और गौर अब अपने घरों से बाहर निकलकर पेड़ की छांव तले आराम करते हुए दिखाई दे रहे थे। मौसम के अनुरूप वन्यप्राणियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।



फोटो : अजय साहू

### सफारी में मचान बनाने का काम हुआ शुरू

जू में बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्यप्राणियों के लिए विशेष मचान तैयार किया जा रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। इन मचानों को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि वन्यजीवों को चढ़ने में आसानी हो और गर्मी में उन्हें ठंडक का एहसास भी हो। सफारी के प्रबंधक ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशुओं के बाड़ों में पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, जिन स्थानों पर पशु आराम करते हैं, वहां स्प्रिंकलर के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा, ताकि उन्हें अधिक आराम और राहत मिल सके।

### ग्रीन नेट की छावनी में पानी का छिड़काव

जंगल सफारी और नंदनवन में पशुओं और पक्षियों को तेज गर्मी से राहत दिलाने बाड़े में दिन में तीन बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जमीन की ठंडक उनको मिलती रहे। केयरटेकर ने बताया कि शुतुरमुर्ग, बत्तख, मोर जैसी पक्षियों को गर्मी में दिक्कत अधिक होती है। पानी को लिए नई व्यवस्था बनाई जा रही है। जू में बाड़ों को ग्रीन नेट से पूरी तरह ढक दिया गया है, ताकि गर्म हवा न पहुंचे। ग्रीन नेट की छावनी भी बनाई गई है, ताकि वन्यप्राणी इसके नीचे आकर आराम से बैठ सकें। जू प्रबंधक ने बताया कि सूर्य की तेज किरणें शेड पर पड़ती हैं तो नीचे का हिस्सा और गर्म होता है, इसलिए जू प्रबंधन ने ऊपर खस व घास बिछाई है।





### खाने का डाइट होने लगा कम

गर्मी के मौसम में ठंडे मौसम की तुलना में वन्यप्राणियों का डाइट कम हो जाता है। जू के प्रबंधक ने बताया कि गर्मी के दौरान भालू को खीरा, कलिंदर, केला और मखना दिया जा रहा है, जबकि टाइगर का डाइट अब 8 से 10 किलो मटन तक सीमित कर दिया गया है। गर्मी के मौसम में उनकी डाइट की निगरानी की जाएगी और उनकी जरूरत के हिसाब से भोजन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सांप के बाड़े में दिन में दो बार पानी का स्प्रे किया जा रहा है ताकि उन्हें ठंडक मिल सके। वहीं, हिप्पो दरियाई घोड़ा गर्मी में चना, चोकर और कलिंदर का सेवन कर रहे हैं। इन सभी उपायों से वन्यप्राणियों को गर्मी के मौसम में आरामदायक माहौल दिया जा रहा है।



## सिटी इवेंट

### घर में हर्बल गुलाल बनाने की विधि पर 6 को कार्यशाला



**रायपुर।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा 6 मार्च को वृंदावन हॉल में दोपहर 3:30 बजे हर्बल गुलाल बनाने की विधि पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग उपस्थित रहेंगे। प्रकृति की ओर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहन वल्यानी और सचिव निर्भय धाड़ीवाल ने बताया कि बदलते समय में रंगों में रासायनिक तत्वों की मिलावट के कारण यह हमारी त्वचा, आंखों और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। कृत्रिम रंगों के बजाय हर्बल गुलाल का प्रयोग स्वास्थ के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। इस कार्यशाला में हर्बल गुलाल बनाने की विधि का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि लोग प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर सुरक्षित होली खेल सकें।

### जुगल जोड़ी सरकार के साथ फूलों की होली



**रायपुर।** मोहबा बाजार स्थित बरसाना एंक्लेव में आयोजित फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जुगल जोड़ी सरकार के साथ श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में सभी ने फाग गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे पर गुलाल तथा फूलों की बौछार कर होली का जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम में बरसानावासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें माया वर्मा, शोभा गुप्ता, प्रेमा टावरी, मीरा हरितवाल, सरोज मित्तल, मंजू अग्रवाल, रेखा अवस्थी, उषा अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर यह संदेश भी दिया गया कि फूलों और गुलाल से होली खेलकर हम पानी की बर्बादी को रोक सकते हैं और रंगों से होने वाली त्वचा संबंधी एलर्जी से भी बचाव कर सकते हैं। सभी ने इस रचनात्मक तरीके से होली मनाते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वहन किया।

## श्रद्धालु की नई पहल, बेटी के विवाह पर मंदिर प्रांगण फूलों से सजाया

**रायपुर।** आधुनिकता की चकाचौंध में व्यक्ति संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों से दूर होता जा रहा है। शिष्टाचार, नैतिकता और धार्मिक ज्ञान जीवन की अहम भूमिका है। ऐसा ही एक उदाहरण राजधानी में देखने को मिला, जहां शहर के ठाकुर परिवार ने घर पर विवाह के दौरान मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया। महामाया देवी मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया कि शहर के भक्त परिवार ने नवीन पहल शुरू की है। अपने खुशी में भक्तिभाव के साथ देवी को भी पूजा है। विवाह अवसर से पूर्व श्रद्धालु परिवार ने मंदिर में 7 दिनों का श्रृंगार व साड़ी भेंट किया है। साथ ही बारात के एक रात पहले मंदिर परिसर को फूलों से सजाया।





### नई बहू ने किया मंदिर दर्शन

*श्रद्धालु परिवार के अनुसार विवाह के फेरे के दौरान मंदिर परिसर फूल और लाइटिंग से जगमगाता रहे। शादी के बाद नई बहू को मंदिर प्रांगण व देवी मां के दर्शन के लिए लाया गया। पुजारी ने बताया कि इस आधुनिकता के दौर में लोग स्वयं व अपने परिवार को सजाते हैं, लेकिन इस श्रद्धालु परिवार ने मंदिर को प्राथमिकता दी है। विवाह के दौरान घर पर भजन संध्या, सुंदरकांड, अखंड रामायण, हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर ब्राम्हण भोज की व्यवस्था भी की गई।*

## 23 से सनातन धर्म की जागरुकता के लिए भजन-कीर्तन, संतों के साथ टोली करेगी भ्रमण

**रायपुर।** श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में अखिल भारतीय संत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। 23 मार्च से 25 मार्च तक रायपुर के 70 वार्डों में 14 प्रखंडों के तहत संतों के नेतृत्व में प्रातः कालीन जनजागरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संतों के साथ एक टोली भ्रमण करेगी, जो सनातन धर्म की जागरुकता के लिए भजन-कीर्तन करेगी। यह आयोजन अखिल भारतीय संत समिति और विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर किया जाएगा। 26 मार्च को बड़ा आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से संतों के आगमन की संभावना है। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संत समिति के नेता भी शामिल होंगे। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### सड़क पर भंडारा न करने की सलाह

बैठक में नीलकंठ सेवा समिति के अध्यक्ष नीलकंठ त्रिपाठी, वासुदेव त्रिपाठी, धूम सेना के अध्यक्ष नीरज सैनी, योगेश सैनी, गौ सेवक तनय लुनिया, भावेश मोटवानी, उज्जवल मिश्रा और रामकृष्ण त्रिपाठी भी उपस्थित थे। समिति के सदस्य ने सड़क पर भंडारा न करने की सलाह दी। समिति ने कहा कि हम शासन-प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि इस आदेश के अनुसार अन्य कार्यों के लिए भी प्रशासन आदेश जारी करें, जैसे सड़क के ऊपर अपनी दुकानों को 10 फुट आगे बढ़ाने की अनुमति न दी जाए, सड़क पर टेंट न लगाए जाएं और प्रातः कालीन माइक से होने वाली आवाज को भी नियंत्रित किया जाए।

कार्नर न्यूज

फ्रेंडशिप मैच में खेला गया रोमांचक मुकाबला, अंतिम ओवर में मिली जीत

## एसपीएल : पुलिस की धाकड़ बल्लेबाजी से एडिटर्स को मिली करारी हार, अंतिम गेंद तक रहा रोमांच

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा सुभाष स्टेडियम में एसपीएल मैच का आयोजन किया गया। लीग के फ्रेंडशिप मैच में मंगलवार को रायपुर पुलिस और एडिटर्स 11 के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में टीम रायपुर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद्र सिंह और एडिटर्स 11 के कप्तान हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी थे। पहले बल्लेबाजी का चयन करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच आखिरी बॉल तक रोमांचक बना रहा, जिससे दर्शक उत्साहित थे।




इस मैच में रायपुर पुलिस ने आखिरी बॉल पर रोमांचक जीत हासिल की। मैच में पुलिस ने पहले बल्लेबाजी करने 98 रन बनाकर पत्रकारों की टीम को 99 रन का टारगेट दिया। जवाबी पारी में पत्रकारों ने भी जोरदार बल्लेबाजी की, लेकिन मैच के अंत में वे तीन रनों से जीत से चूक गए। मैच में दोनों ही टीमों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया।

### खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर बढ़ाया उत्साह

मैच देखने के लिए रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक खुशवंत साहेब भी पहुंचे। दोनों टीमों के बीच शानदार खेल देखने को मिला। अंत में पत्रकारों और पुलिस की टीम को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने भी सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया।



### पहली पारी के बाद जन्मोत्सव

इस मौके पर हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का जन्मदिन भी मनाया गया। मैच की पहली पारी के बाद केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी डॉ. द्विवेदी को अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी।

## धर्म लाइव

# संस्कृत को सहज, सरल बनाने करनी होगी मेहनत, समझाना होगा भाषा का महत्व



**रायपुर।** शदाणी दरबार में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की प्रांतीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 50 से अधिक दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पिछले वर्ष के कार्यों का मूल्यांकन किया गया और आगामी वर्ष के लिए योजना बनाई गई। डॉ. गोपेशकुमार तिवारी व पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि बैठक में केरल से आए संस्कृत भारती के अखिल भारतीय मंत्री डॉ. नंदकुमार ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने संस्कृत को सहज, सरल और सर्वप्रिय बनाने पर बल दिया और कार्यकर्ताओं से आगामी समय में तन्मयता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि संस्कृत को जनभाषा बनाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि यह भाषा हर घर तक पहुंचे और आम लोग उसके ज्ञान और विज्ञान से लाभान्वित हो सकें।

### भाषा में रुचि जगाने चर्चा

शदाणी दरबार के संत श्री युधिष्ठिर लाल ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा आपके साथ हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया और सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी ने युवा वर्ग और स्कूल के छात्रों को संस्कृत भाषा में रुचि जगाने के लिए चर्चा की। साथ ही, संस्कृत में कॅरियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी देने पर जोर दिया गया। संस्कृत गीत और वंदना के साथ इस दो दिवसीय समीक्षा बैठक का समापन हुआ।

## भारतीय ज्ञान परंपरा से युवा पीढ़ी को अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन

# भारत की संस्कृति पर विदेशों के शोधकर्ता कर रहे खोज 200 भारतीय भाषा विलुप्त, अब यह चिंता का विषय

भारतीय ज्ञान परंपरा को वर्तमान समय के साथ जोड़कर विद्यार्थियों में ज्ञान का आदान-प्रदान करना आवश्यक है। वेद, पुराण, शास्त्र, महाभारत, आयुर्वेद, गणितज्ञ, भारतीय संस्कृति ज्ञान का वृहद रूप है, जिसमें भारतीय वैज्ञानिकों की खोज का अद्भुत और जीवंत जानकारी देखने को मिलेगा। यूजीसी द्वारा छह दिवसीय 'भारतीय ज्ञान परंपरा' कार्यशाला का आयोजन किया गया है। रविवि स्थिति मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यशाला का संचालन किया जा रहा। बुधवार को अंतिम दिन प्रतिभागियों का ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी, जिसमें उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र जारी होगा।

**रायपुर।** कार्यक्रम की निर्देशक डॉ. प्रीति के. सुरेश ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा को लोगों तक पहुंचाना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। इसमें यूजीसी द्वारा जारी तीन विशेषज्ञों की टीम शहर पहुंची है, जो लगभग 80 प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दे रही है। मंगलवार को मंदिर की बनावट शैली और वास्तुकला का ज्ञान साझा करने प्राध्यापकों को मठपुरैना स्थिति दूधाधारी मठ का भ्रमण कराया गया, जिसमें विशेषज्ञ डॉ. आकाश द्वारा मंदिर की जानकारी दी गई। इसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ के प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान हरिभूमि की टीम रविवि परिसर पहुंची, जिन्होंने विशेषज्ञों से भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित चर्चा की।



### राजधानी का दूधाधारी मठ भोसले वंश काल में निर्मित



भारतीय ज्ञान प्रणाली स्वयं में संपन्न है, विदेशों के शोधकर्ता भारत की संस्कृति पर खोज कर रहे, और यहां की परंपरा और संस्कृति को अपने खोज का नाम दे रहे। जानकारी के अनुसार वर्तमान में लगभग 200 से अधिक भारतीय भाषाएं विलुप्त हो गई हैं, इसका आकलन विशेष समुदाय के लोगों के कम होने से लगाया जा सकता है। यह एक चिंता का विषय बना हुआ है। डॉ. आकाश गेडाम ने बताया कि 'मंदिर का प्रत्येक हिस्से का अपना नाम है। मंदिर की बनावट दक्षिण, पूर्व, उत्तर, पश्चित चारों दिशाओं में अलग किया गया है। राजधानी स्थिति दूधाधारी मठ की बनावट 400-500 साल पुराना है, जिसे भोसले वंश काल में बनाया गया है।' गर्भगृह, अंतराल (वास्तुकला में, मंदिर के गर्भगृह और मंडप के बीच के स्थान को अंतराल कहते हैं), प्रवेश, चंद्रशिला मंदिर के प्रत्येक हिस्से का नाम है। दूधाधारी मठ भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्राध्यापकों को किताबी ज्ञान के अलावा जीवंत आर्ट एंड आर्टिटेक्चर से साक्षात्कार कराना है। प्राचीन मंदिर को वास्तुपुरुष के अनुसार तैयार किया गया है। वर्तमान समय में युवाओं को सामान्य चीजों की भी जानकारी नहीं है। भारतीय परंपरा का ज्ञान होने के बाद भी वह सभी चीजों से अनजान हैं।

### प्राचीन परंपरा और आधुनिक तकनीक का ज्ञान

कौटिल्य के सिद्धांत और विचार कई विषयों पर आधारित हैं, जैसे राज्य व्यवस्था, युद्ध, कूटनीति, अर्थव्यवस्था और राजधानी निर्माण। छह दिवसीय कार्यशाला में डॉ. प्रवीण हरिबाउ गोसेकर ने कौटिल्य के सिद्धांत पर जोर दिया। हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया, व्यक्ति का शरीर पंचतत्र के समावेश से तैयार हुआ है। पंचतंत्र के पांच तंत्र हैं- मित्रभेद, मित्रलाभ, काकोलुकीय, लब्धप्रणाश और अपरीक्षित। यह तंत्र नैतिकता, बुद्धिमत्ता और व्यावहारिकता सिखाते हैं। आयुर्वेद और नवीन उपचार प्रणाली की मदद से व्यक्ति के रोगों को ठीक किया जा रहा। तनाव अधिक होने पर योग की सलाह दी जाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में युवा पीढ़ी को प्राचीन परंपरा और आधुनिक तकनीक का ज्ञान दिया जा रहा, ताकि उन्हें समझने से सरलता हो।

### भारतीय ज्ञान परंपरा में समस्त जानकारी

'धर्म- धर्म का अर्थ व्यक्ति का कर्तव्य है, अपने कार्य के प्रति करने का भाव ही धर्म है।' डॉ. प्रफुल्ल मधुकर तावतकर ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा की दृष्टि से प्रकृति को देखना होगा। परिवार के सदस्यों की शिक्षा व्यक्ति अपने जीवन में अपनाता है। सदस्यों की सीख व्यक्ति को अनुशासित जीवन प्रदान करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वेद पुराण, शास्त्र, अर्थशास्त्र, महाभारत, नीतिशास्त्र, पंचशास्त्र, पतंजलि समस्त ज्ञान शामिल हैं। भारत में आचार्य, ऋषियों और ग्रंथों की अखंड श्रृंखला रही है, जिन्होंने गुरुकुल प्रणाली के माध्यम से अध्ययन कराया। जिसके कारण आज भी भारतीय परंपरा और संस्कृति को मजबूत माना गया है। युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत कराने इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें प्राध्यापकों को तैयार किया जा रहा, जो अपने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे।

## सिटी लाइव

# महिलाओं ने सीखा फलों और सब्जियों से जैम, चटनी और अचार बनाना



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार सेवाएं द्वारा ग्राम जोरा और ग्राम धरमपुरा में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह स्थानीय स्तर पर उपलब्ध 'फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण और पैकेजिंग' विषय पर आधारित था। मंगलवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के निदेशक, विस्तार सेवाएं, डॉ. एस.एस. टुटेजा रहे। उन्होंने कहा कि वे स्व-सहायता समूहों का गठन करके फलों और सब्जियों के परिरक्षित खाद्य उत्पादों का निर्माण एवं विपणन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28-28 महिलाओं को भाग लेने का अवसर मिला, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच थी। इन्हें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और इसके द्वारा निर्मित उत्पादों की जानकारी दी गई।

### आय अर्जित करने के बताए तरीके

प्रशिक्षण में महिलाओं को फलों के जैम, जैली, स्क्वाश, नेक्टर, टमाटर कैचप, चटनी, सॉस, और विभिन्न प्रकार के अचार बनाने की विधि सिखाई गई। इसके साथ ही उन्हें कंदीय फसलों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला प्रतिभागियों को स्व-सहायता समूह बनाने और घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा अतिरिक्त आय अर्जित करने के तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। धरमपुरा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नीता खरे और जोरा में आयोजित कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ज्योति भट्ट थीं।

# मसीही समुदाय का आज से 40 दिवसीय उपवासकाल, खानपान में करेंगे संयम



**रायपुर।** बुधवार से मसीही समुदाय का 40 दिवसीय उपवासकाल प्रारंभ हो रहा है, जो विश्वभर में मनाया जाता है। इस दौरान गिरजाघरों में बुधवार के दिन पवित्र आराधनाएं आयोजित की जाएंगी। लाखों मसीहीजन इस संयमकाल में उपवास करेंगे और इस समय के दौरान किसी भी प्रकार के आनंद उत्सव, विवाह समारोह, जन्मदिन आदि का आयोजन नहीं किया जाएगा। इस साल के संयमकालीन प्रार्थना सभाओं का मुख्य उद्देश्य 'हमारे आत्मिक जीवन का नवीनीकरण' है। इस दौरान खानपान और अन्य चीजों के संयम से जो भी राशि एकत्र होगी, वह जरूरतमंदों और दुखियों के लिए उपयोग में लाई जाएगी। डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस और रेवरेंड सुनील कुमार के नेतृत्व में धर्म गुरुओं, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, चर्च सचिव रूचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, संयोजक दीपक गिडियन, पार्सिस सैमुएल आदि की अगुवाई में वक्ताओं और संचालकों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में पास्ट्रेट कमेटी, महिला सभा, संडे स्कूल, युवा सभा, क्वायर पास्ट्रेट कोर्ट के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

### जीवन का करेंगे आत्मावलोकन

*यह 40 दिवसीय उपवासकाल मसीहीजनों के जीवन में आत्म-निर्माण और ईश्वर के प्रति नजदीकी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। संध्याकालीन प्रार्थनाओं के दौरान लोग अपने जीवन का आत्मावलोकन करेंगे, बुरे कर्मों के लिए पछताएंगे और प्रभु से आत्मिक शक्ति की प्रार्थना करेंगे। दुखभोग सप्ताह के दौरान चर्चों में प्रतिदिन शाम को बाइबिलविदों के प्रवचन आयोजित होंगे। सेंट पॉल्स कैथेड्रल में सीएनआई के डिप्टी मॉडरेटर बिशप मनोज चरण उपदेश देंगे। पाम संडे पर प्रभु यीशु की महिमा में जुलूस निकाले जाएंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार और कैथोलिक डायसिस के आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर सहित सभी महाधर्मगुरुओं ने मसीहीजनों से आत्मिक तैयारी और जीवन के नवीनीकरण के लिए पश्चाताप करने की अपील की है।*



# सिंधी समाज ने निर्वाचित 40 जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने मैक ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें प्रदेश के नगर निगम और पंचायत चुनावों में सिंधी समाज के जीतने वाले जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से दो महापौर, एक नगर पालिका अध्यक्ष और लगभग 40 पार्षदों को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि सिंधी समाज के विभिन्न पार्टियों से महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद सहित 40 से अधिक प्रतिनिधि स्थानीय चुनावों में निर्वाचित होकर आए हैं। सम्मानित जनप्रतिनिधियों में बिलासपुर की महापौर पूजा अशोक विधानी, धमतरी से महापौर पद पर सर्वाधिक मतों से विजय प्राप्त करने वाले जगदीश रामू रोहरा, चकरभाटा नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा और पार्षदों में राकेश चंदवानी, विजय धामेचा, राजेश कोटवानी, मोतीराम गंगवानी, सतीश प्रेमचंदानी, श्रीमती किरण छाबड़िया सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### सामाजिक और राजनीतिक चेतना बढ़ाने का प्रयास

*कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने कहा कि 3 मार्च को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का एक वर्ष पूरा हुआ है। इस दौरान पंचायत और उसके पदाधिकारियों ने प्रदेश भर का दौरा कर सिंधी समाज में सामाजिक और राजनीतिक चेतना बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि पंचायत द्वारा किए गए जागरुकता प्रयासों का ही परिणाम है। इस अवसर पर साधु समाज से बाबा मुरलीधर उदासी, भारतीय सिंधू सभा के अध्यक्ष लंधाराम नैनवानी, महासचिव बलराम आहूजा और कई अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

# कोलकाता से गणगौर मूर्तियों की मांग, वृंदावन से भगवान के लिए पिचकारी और गुलाल

रायपुर। संगिनी महिला मंडल की ओर से समता कालोनी स्थिति श्याम मंदिर में फाल्गुन मेला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सैकड़ों शहरवासियों की भीड़ प्रदर्शनी में देखी गई। इसमें ज्वेलरी, कपड़े, सजावटी वस्तुएं, होली, लड्डू गोपाल के पोशाक और गणगौर पूजन की वस्तुएं सजाई गईं। मंडल की अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया कि बीते 25 वर्ष से लगातार फाल्गुन मेला का आयोजन किया जा रहा। इस वर्ष 80 स्टॉल्स सजे हैं, जिसमें राजधानी की महिला व्यापारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। महिला मंडल द्वारा 7 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। साथ ही 28 मार्च को हिन्दू नववर्ष का आयोजन भीमसेन भवन में होने जा रहा। दोनों कार्यक्रम भव्य स्तर पर किया जाएगा, जिसमें मंडल की सदस्यों के साथ अन्य शहरवासियों की उपस्थिति भी रहेगी।



### होली पर्व की तैयारी, प्लास्टिक की पिचकारी, बारटी

त्योहार विशेष के अनुसार दुकानों में वस्तुएं मौजूद रहती हैं। इन दिनों होली पर्व पर लड्डू गोपाल के पोशाक और होली खेलने की वस्तुएं शामिल हैं। दुकान संचालिका अंजू अग्रवाल ने बताया कि श्रीकृष्ण के पोषाक में हैप्पी होली...लिखा हुआ है। इसमें पिचकारी, गुलाल, बांसुरी, बाल्टी, ढोलक जैसी विभिन्न सामग्री वृंदावन से लाई गई है। इस वर्ष डिजाइनर ढोलक, बांसुरी और पोशाक लोगों की पहली पसंद हैं।

### राजस्थान से गणगौर पूजन की सामग्री

होली के शुभ अवसर पर कुंवारी युवतियां और महिलाएं गणगौर पूजन की शुरुआत करती हैं, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती का स्वरूप मानकर दो मूर्तियों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। दुकान संचालक शीतल अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान और कोलकाता से गणगौर की मूर्तियां मंगाई जाती हैं। लकड़ी की प्रतिमाएं राजस्थान के विभिन्न शहरों में मिलती हैं। विशेष अवसर पर प्रतिमाओं की साज सज्जा राजस्थानी लुक के अनुसार किया जाता है। दुकान में राधा-श्रीकृष्ण की पंचतत्वों की मूर्तियां मौजूद हैं, जिसकी कीमत 12 हजार रुपए है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### आरपीएफ ने जीता मैच शमशेर मैन ऑफ द मैच



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल मे अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत खेलो को बढावा देने के उद्देश्य से सेकरेसा स्टेडियम, डब्लुआरएस कॉलोनी रायपुर मे 22 वाँ डीआरएम कप खेला जा रहा है। 25 फरवरी से शुरू हुए मुकाबलों में मंगलवार 4 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल रायपुर एवं इलेक्ट्रिक (जनरल) विभाग रायपुर के मध्य शानदार खेल देखने का मौका खेल प्रेमियों को मिला।

रेलवे सुरक्षा बल ने टॉस जीतकर पहले बेटिंग करने का निर्णय लिया और अपने निर्णय को सही साबित करते हुये टीम के सदस्य एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक मन कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के नेतृत्व मे 232 रन का विशाल स्कोर बनाया गया। इस स्कोर को बनाने मे रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक शमशेर सिंह, मंदिर हसौद का प्रमुख योगदान रहा। इनके द्वारा अपने खेल जीवन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये 24 छक्के और 06 चौको के मदद से व्यक्तिगत 181 रन बनाये गए। दूसरी पारी मे खेलने के उतरी इलेक्ट्रिक (जनरल) विभाग की टीम केवल 125 रन ही बना पाई। इस प्रकार 107 रन के विशाल स्कोर से रेलवे सुरक्षा बल ने आज का मैच जीता। 22 वे डीआरएम कप-2025 मे आज शमशेर सिंह के द्वारा 02 रिकार्ड बनाये गये पहला पारी मे सबसे अधिक 24 छक्के लगाने का और दूसरा सबसे अधिक व्यक्तिगत 181 रन बनाने का जिसके लिए इन्हे मेन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### ड्रा पर समाप्त हुए प्लेट ग्रुप क्रिकेट के सेमीफाइनल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी टुर्नामेंट का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमों ने भाग लिया। 1 से 3 मार्च को स्पर्धा के सेमी फायनल मुकाबले खेले गये। पहला सेमी फायनल आर डी सी ए मैदान में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 104.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 437 रन बनाये। जिसमे ऋषि शर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये 112 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 71 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से जितेश चौहान तथा आदित्य सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दुर्ग ने अपनी पहली पारी में 52.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 249 रन ही बनाये। दुर्ग की ओर से आदित्य सिंह ने 79 रन तथा सिद्धार्थ सिंह ने 69 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से आयुष सिंह ठाकुर ने 4 विकेट, भरत गोंडवानी, वरुण सिंह भुई तथा गगनदिप सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 70 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 324 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से आलोक साहु ने 78 रन तथा शोभित शर्मा ने 60 रनों का योगदान दिया। वहीं दुर्ग की ओर से जितेश चौहान ने 3 विकेट, आदित्य सिंह तथा सिद्धार्थ सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। .मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

दूसरा सेमी फायनल मैच सिविक सेंटर भिलाई के क्रिकेट मैदान में खेला गया। राजनांदगाव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आशुतोष सिंह ने 111 रन तथा कृष चोपड़ा ने 79 रन बनाये।

वहीं राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट तथा प्रतिक त्रिपाठी ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 43.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 193 रन ही बनाये। राजनांदगांव की ओर से यश ठाकुर ने 57 रन तथा निखिल कनोरिया ने 30 रनों का योगदान दिया। सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट तथा सौम्य केशरी ने 3 विकेट प्राप्त किये।

मैच की समाप्ति तक सरगुजा ने अपनी दूसरी पारी में 118 ओवरों में 7 विकेट खोकर 337 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 110 रन तथा आशुतोष सिंह ने 69 रनों का योगदान दिया। वहीं राजनांदगांव की ओर से प्रतीक त्रिपाठी तथा हर्ष साहु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। सरगुजा ने पहली पारी में बढत प्राप्त की।

### राष्ट्रीय नेटबाल चैंपियनशिप के लिए शबनम चयनित



**रायपुर।** शासकिय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में अध्ययनरत शबनम नाज़ छत्तीसगढ़ प्रदेश मिक्स नेटबाल टीम की तरफ से राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भिवानी हरियाणा में खेलेगी। सरगुजा जिला नेटबाल संघ की ओर से राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि शबनम विगत तीन वर्षों से नेटबाल खेल रही है। उन्हें संस्था के प्राचार्य व जिला नेटबाल संघ के पदाधिकारियों के साथ सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

## जानलेवा बीमारियों और समय से पहले मौत का जोखिम बढ़ाते हैं बहुत से आहार

# खुद को फिट रखने अपने खान-पान पर भी ध्यान देना जरूरी, आहार को लेकर हो जाएं सावधान

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार का ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आप जिस प्रकार की चीजों का सेवन करते हैं शरीर पर उसका सीधा असर होता है। कुछ चीजें आपको कई रोगों से बचा सकती हैं, जबकि कुछ के कारण आप गंभीर बीमारियों के शिकार भी हो सकते हैं। जिन खाद्य पदार्थों को सेहत के लिए सबसे नुकसानदायक पाया गया है, उनमें प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड चीजें प्रमुख हैं।

द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में हाल ही में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि जो लोग अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक करते हैं उनमें मानसिक स्वास्थ्य विकार, हृदय रोग, टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा सहित करीब 32 कई प्रकार गंभीर बीमारियों जोखिम अधिक हो सकता है।

इसे समय से पहले मृत्यु के खतरों को भी बढ़ाने वाला पाया गया है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में अधिक कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ने और स्वास्थ्य जटिलताएं बढ़ने का भी खतरा होता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ और इसके नुकसान

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि आखिर ये खाद्य पदार्थ होते क्या हैं?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में चीनी, वसा और नमक की मात्रा अधिक होती है। ये खाद्य पदार्थ



मुख्यरूप से 'रेडी टू यूज' स्टाइल के होते हैं। आइसक्रीम, सॉस, क्रिस्प्स, बिस्कुट, कार्बोनेटेड पेय, इंस्टैंट सूप आदि इसी श्रेणी में आते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि इन चीजों के अधिक सेवन से शरीर में कैलोरी और फैट की मात्रा बढ़ने का खतरा रहता है। इनके अधिक सेवन से शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर का स्तर भी अधिक हो सकता है, यही कारण है कि ऐसे खाद्य पदार्थों से सेहत को कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

### हृदय रोगों का बढ़ जाता है खतरा

अध्ययन की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने बताया, जिन लोगों ने अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों को सेवन अधिक किया था उनमें कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इसके कारण मौत का खतरा 50 फीसदी अधिक पाया गया। इस तरह के खाद्य पदार्थों को एंग्जाइटी जैसी मानसिक बीमारियों का जोखिम 48-53 फीसदी और टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 12 प्रतिशत तक बढ़ाते हुए देखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया में डीकिन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और जॉन्स हॉपकिन्स के शोधकर्ताओं ने करीब 10 मिलियन (एक करोड़) लोगों पर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण किया। इन खाद्य पदार्थों को नींद संबंधी विकारों, मानसिक स्वास्थ्य विकारों और क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारक पाया गया है।

### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

शोधकर्ताओं ने कहा, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों के कारण अस्थमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों और कैंसर के खतरे को लेकर साक्ष्य सीमित हैं, पर इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों ने कहा अगर इसका अक्सर सेवन करते हैं तो समय से पहले मौत का खतरा भी हो सकता है। चूंकि इन चीजों में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन्स की मात्रा कम होती है इसलिए इनका सेवन शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

### स्वस्थ और पौष्टिक चीजों की बढ़ाएं मात्रा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को रोग मुक्त रखने के लिए जरूरी है कि आप स्वस्थ और पौष्टिक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करें। अध्ययनों में पाया गया है कि बीमारियों से



बचाव के लिए भोजन की थाली में एक तिहाई मात्रा फलों और सब्जियों की होनी चाहिए। आहार में रंग बिरंगी सब्जियों-फलों की मात्रा बढ़ाकर एंटीऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन और विटामिन्स प्राप्त किए जा सकते हैं जिससे आप बीमारियों से बचाव कर सकते हैं।

# घर में है दुकान तो वास्तु के इन नियमों का रखें ध्यान

कई बार लोग अलग से स्पेस ना होने या फिर अपनी सहूलियत को ध्यान में रखते हुए घर में ही दुकान बनवा लेते हैं। हालांकि, अगर आप ऐसा कर रहे हैं तो आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों का ध्यान रखना चाहिए। हर व्यक्ति अपनी आमदनी के लिए अलग जरिया अपनाता है। जहां कुछ लोग मल्टीनेशनल कंपनीज में काम करते हैं तो कुछ लोग दुकान भी चलाते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि दुकान आप किसी बड़े मॉल या मार्केट में ही खोलें। आज के समय में जब दुकानों का किराया बहुत अधिक है और कमाई काफी कम रह गई है तो ऐसे में लोग अधिक बचत करने का विचार करते हैं।

अमूमन यह देखने में आता है कि कई बार लोग अपने घर में ही दुकान बनवा लेते हैं। ऐसे में उन्हें अलग से स्पेस के लिए किराया भी नहीं देना पड़ता है। साथ ही साथ, यह कुछ हद तक अधिक सुविधाजनक भी माना जाता है। घर में दुकान बनवाने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन ऐसे में जरूरी है कि आप वास्तु के कुछ नियमों का खास ख्याल रखें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसे ही कुछ नियमों के बारे में बता रहे हैं, जिनका ख्याल आपको घर में दुकान बनवाते समय अवश्य रखना चाहिए-

### अंदर से हो दरवाजा

जब भी आप घर में दुकान बनवाते हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दुकान का कोई दरवाजा अंदर से मतलब घर से अटैच जरूर करें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो घर के जिस हिस्से में आपने दुकान बनाई



होगी, आपके घर का वह कोना कट जाएगा। ऐसा करना अच्छा नहीं माना जाता है।

### दुकान की दिशा

घर में दुकान बनवाते समय आपको उसकी दिशाओं का भी खास ख्याल रखना चाहिए। मसलन, अगर आपका घर पूर्व मुखी है तो आप दुकान को दक्षिण-पूर्व के कोने में बनाएं। ध्यान दें कि आप पूर्व मुखी घर में दुकान बनवाते समय उत्तर-पूर्व के कोने को खाली रखें। इसी तरह, अगर आपका घर उत्तर मुखी है तो आपकी दुकान उत्तर-पश्चिम अर्थात वायु कोण में बननी चाहिए। इसमें भी ईशान कोण खुला रहना चाहिए। वहीं, दक्षिण मुखी घर में दुकान को दक्षिण-पश्चिम दिशा में बनवाना चाहिए। ध्यान दें कि दक्षिण के पूर्व दिशा से आपके घर की एंट्री होनी चाहिए। यदि आपका घर पश्चिम मुखी है तो आपकी दुकान दक्षिण-पश्चिम दिशा में बननी चाहिए।

# कराना हैं स्पेशल फील, तो कुछ इंस्टेंट रेसिपीज को कीजिए ट्राई

घर पर कुछ क्विक और इंस्टेंट रेसिपीज को जरूर बनाएं। जिसे देखते ही घर वालों का दिल खुश हो जाए, वो भी कम मेहनत और समय में।

### पनीर चिल्ली रेसिपी

पनीर चिल्ली बनाने के लिए प्याज, शिमला मिर्च और पनीर को चौकोर आकार में काट लें। अब नॉन स्टिक पैन में 2 चम्मच तेल डालकर प्याज, शिमला मिर्च और हरी प्याज को हल्का भुन लें। उसी पैन में पनीर को भी हल्का फ्राई करें। सब्जियों को निकालकर थोड़ा तेल डालें और लहसुन, अदरक, हरी मिर्च डालकर भून लें। एक चम्मच सोया सॉस, आधा चम्मच सिरका, एक चम्मच चिली सॉस और एक चम्मच टोमेटो सॉसडालकर थोड़ा पकाएं। सॉस के बजाए आप चिल्ली पनीर मसाला को एक कप पानी के साथ घोलकर भी बना सकते हैं। पैन में कुक किए हुए सब्जी और पनीर को डालकर थोड़ी देर पकाएं और खाने के लिए सर्व करें।



### पोहा आलू पूरी

पूड़ी बनाने के लिए पोहाको पानी में भिगोकर पानी अलग करें और नरम होने दें। पोहा नरम हो जाए तो उसमें आलू, आटा, सूजी और मसाले डालकर नरम डो बनाएं। 15 मिनट के लिए छोड़ दें, ताकी डो सॉफ्ट हो जाए।



# डायबिटीज को अपने बस में रखने जरूर करें ये काम

डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए सही डाइट, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन बहुत जरूरी है। डायबिटीज पूरी तरह से रिवर्स नहीं हो सकती, लेकिन दवाईयों और अन्य चीजों के साथ इसे मैनेज किया जा सकता है। डायबिटीज आजकल काफी आम हो गई है। बुजुर्ग, जवान और बच्चे भी आजकल इस बीमारी का शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए सही डाइट, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन बहुत जरूरी है।

डायबिटीज पूरी तरह से रिवर्स नहीं हो सकती, लेकिन दवाईयों और अन्य चीजों के साथ इसे मैनेज किया जा सकता है। इसके अलावा समय-समय पर चेकअप भी करवाते रहना चाहिए। डायबिटीज कंट्रोल में न होने पर इसका असर हमारी हेल्थ पर होता है और इससे शरीर के बाकी अंगों के फंक्शन्स भी प्रभावित होते हैं।

अगर आप शुगर पेशेंट हैं, तो इसे मैनेज करने में एक्सपर्ट के बताए कुछ टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

12 घंटे की फास्टिंग विंडो रखें। इसका मतलब अगर आपने रात को 8 बजे डिनर किया है, तो अगले दिन सुबह 8 बजे नाश्ता करें और डिनर से ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।

इससे इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और शरीर इंसुलिन को और अच्छे से इस्तेमाल कर पाता है।



खाने के बाद लगभग 5-10 मिनट वॉक करें। इससे डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में खाने का मूवमेंट सही होता है और ब्लोटिंग व इनडाइजेशन कम होता है। खाने को फाइबर, प्रोटीन और फिर कार्ब्स इस क्रम में खाएं। इससे ब्लड शुगर स्पाइक नहीं होती है और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। सोल्स पुश अप्स करें। इससे ब्लड शुगर लेवल मैनेज होता है। मंडूकासन करें। यह डायबिटीज को कंट्रोल करने में प्रभावी है। इससे सेल्स में ग्लूकोज अच्छे से अब्जॉर्ब होता है और पैनक्रियाज के फंक्शन में सुधार होता है। एक बार में पेट भरकर खाना खाने के बजाय थोड़ी-थोड़ी देर में छोटे-छोटे मील्स लें। इससे सेल्स को ग्लूकोज को अब्जॉर्ब करने का वक्त मिलता है और ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहता है। रोज सुबह जामुन के बीजों का पानी पिएं। इसमें जम्बोलिन होता है जो कि ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करने का काम करता है। डायबिटीज को मैनेज करने में ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



रायपुर बाजार

Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस MATTRESS ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये

| 5 इंच मोटा | 6 इंच मोटा | 8 इंच मोटा |
| --- | --- | --- |
| 11500 MRP | 17000 MRP | 20500 MRP |
| 3000 लेस | 5000 लेस | 6500 लेस |
| 8500 | 12000 | 14000 |
| 4000 | पुराना गद्दा - 5000 | पुराना गद्दा - 6000 |
| 4500 | 7000 | 8000 |

संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

कूलर एवं खस
हैनीकॉम्ब पैड
कूलर मोटर
एग्जॉस्ट
कूलर पंप
शीतल कूलर के उच्च क्वालिटी के एक की छत के नीचे
कूलर हाउस
हैनीकॉम्ब पैड कूलर/एग्जॉस्ट मोटर खस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फोर्ब्स की लिस्ट में सबसे ज्यादा कमाने वाले एक्टर बने जॉनसन

फोर्ब्स ने दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। अभिनेता ड्वेन जॉनसन इस लिस्ट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में पहले स्थान पर हैं। फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं।



यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता ने पहली बार 2016 में 64.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फिर लगातार तीन वर्षों, 2019, 2020 और 2021 में टॉप पर बने रहे।

अभिनेता ने पिछले साल अपनी फिल्मों से काफी ज्यादा कमाई की। इस मामले में वह रयान रेनॉल्ड्स और जेरी सीनफील्ड जैसे मशहूर सितारों से भी आगे निकल गए हैं। कथित तौर पर अभिनेता ने पिछले साल 'रेड वन', 'मोआना 2' और अन्य फिल्मों के जरिए लगभग 88 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस सूची में दूसरे नंबर पर रयान रेनॉल्ड्स ने 85 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ रहे। केविन हार्ट ने 81 मिलियन डॉलर और जेरी सीनफील्ड ने 60 मिलियन डॉलर के साथ टॉप 4 स्थान हासिल किया। ड्वेन जॉनसन को आखिरी बार 'रेड वन' और 'मोआना 2' में देखा गया था।

### टॉलीवुड

## एटली की फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन कर रहे खास तैयारी, विदेश में स्पेशल ट्रेनिंग की चर्चा

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता अपनी अगली फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब उनके पास एटली, त्रिविक्रम श्रीनिवास और संदीप रेड्डी वांगा के साथ फिल्में हैं। शुरुआत में अल्लू अर्जुन ने त्रिविक्रम की फिल्म शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है और एटली के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है।



पिछले कुछ दिनों से अल्लू अर्जुन भारत से दूर हैं। बीते कुछ दिनों से प्रशंसकों और दर्शकों को लग रहा था कि वह छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अभिनेता विदेश छुट्टियां मनाने नहीं, बल्किन स्पेशल ट्रेनिंग लेने गए हैं। इस बात का खुलासा अभिनेता के करीबी सहयोगी और 'तंडेल' के निर्माता बनी वास ने किया है। दरअसल, उन्होंने अल्लू अर्जुन की ट्रेनिंग लेने की जानकारी 'छावा' के तेलुगु प्रचार के दौरान साझा की।

बनी वास ने कहा, 'अल्लू अर्जुन गारू एक महीने की ट्रेनिंग के लिए गए थे। बनी गारू हमेशा अपने खाली समय में अभिनय और अन्य कला-संबंधित क्षेत्रों के बारे में शोध करते हैं। उसी के तहत उन्होंने पिछले एक महीने में एक वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण लिया और आज शहर में उतरे। मैं अभी तक उनसे नहीं मिला हूं, लेकिन उनकी टीम जल्द ही उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट देगी।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन एटली की आने वाली फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभाएंगे, जिसे 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया जा रहा है। वहीं, अब फैंस का मानना है कि अल्लू अर्जुन की स्पेशल ट्रेनिंग क्या एटली के अगले प्रोजेक्ट का हिस्सा थी? हालांकि, इस बारे में आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

### भोजपुरी

## प्रेमी का नया होली गाना 'जा हस के होली में' इंटरनेट पर मचा रहा धमाल

भोजपुरी सिनेमा आज किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि यहां पर ऐसे काफी सारे सितारे हैं जो अपने गानों या फिर अदाकारी को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। अब इसी बीच होली का त्यौहार आने वाला है और लगातार हर एक भोजपुरी स्टार कोई ना कोई भोजपुरी होली गाना रिलीज करता हुआ नजर आ रहा है। अब इसी बीच भोजपुरी के मशहूर अभिनेता प्रमोद प्रेमी यादव होली गाना लेकर आए हैं जो तेजी से वायरल होता हुआ नजर आ रहा है। इस वायरल हो रहे गाने में वह एक्ट्रेस के साथ में जोरदार होली खेलते हुए नजर आ रहे हैं। कभी एक्ट्रेस के ऊपर पिचकारी चलते हैं तो कभी सुख गुलाल उनके ऊपर छिड़क देते हैं। रितेश पांडे के गाने 'रंग डलाई भउजी पा' ने मचाया तहलका, कुछ ही घंटे में 1 मिलियन व्यूज क्रॉस प्रमोद प्रेमी यादव के इस गाने का नाम 'जा हंस के होली में' है। यह गाना लगातार वायरल होता हुआ नजर आ रहा है और फैन्स के बीच में छाया हुआ है। इतना ही नहीं आपको बता दें कि यह गाना दर्शकों को खूब अच्छा लग रहा है और इस गाने को एक दिन पहले ही रिलीज किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी इस पर मिलियंस में व्यूज आ गए हैं। प्रमोद प्रेमी यादव के इस होली गाने को टी-सीरीज हमार भोजपुरी नाम के यूट्यूब चैनल द्वारा शेयर किया गया है।







काले, सफ़ेद, ग्रे और सुरमयी रंगों के बीच कोई नहीं सोच सकता न्यूयार्क फैशन वीक में चीते के धब्बों वाले प्रिंट को एक अलग जगह मिलेगी। यहाँ रिसॉर्ट 2025 के लिए इसे स्पॉटी स्टाइल माना जा रहा है। इसे बोट्टेगा वेनेटा, वैलेंटिनो, वर्सेस और स्पोर्टमैक्स जैसे डिजाइनरों के कलेक्शन में देखा गया, जिसे भरपूर तारीफ मिली।

## गर्मियों में लिपिस्टक का कलर चुनने में बरतें सावधानी, दिखेंगी खूबसूरत

गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। बदलते मौसम में न सिर्फ आपके वॉर्डरोब में बदलाव की जरूरत होती है, बल्कि आपके कॉस्मेटिक्स खासकर फाउंडेशन, काजल, आईलाइनर और काजल के साथ लिपस्टिक को भी बदलने की जरूरत है। जो आपको सुंदर बनाने में मदद करते है।



### रेड लिपस्टिक का करें इस्तेमाल

लाल रंग के शेड्स बोल्ड और ब्यूटीफुल माने जाते हैं। इसे व्हाइट या ब्लैक कलर के ड्रेस के साथ लगा सकते हैं। ये बोल्ड लुक देता है।

### बरगंडी कलर के लिपस्टिक का करें इस्तेमाल

गर्मियों में आप बरगंडी कलर के लिपस्टिक या लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर सूट करता है।

### गुलाबी रंग के लिपस्टिक का करें चुनाव

गर्मी में गुलाबी रंग के लिपस्टिक से बेहतर कुछ भी नहीं है। इसको लगाने से आप खूबसूरत और हसीन नजर आएंगी।

### ब्राउन लिपस्टिक का करें चुनाव

ज्यादातर महिलाओं को पसंद आने वाले लिपस्टिक के रंगों में से एक है ब्राउन। इस तरह के शेड्स नियमित रूप से दिन और शाम की पार्टियों में आपकी सुंदरता को बढ़ा देंगे।

### डार्क बेरी टोन करें ट्राई

डार्क बेरी टोन महिलाओं में सबसे लोकप्रिय लिपस्टिक है। इसमें लाइट और ड्रार्क कलर के लिपस्टिक शामिल होते है। ये आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं।

## नायरा कट सूट में चाहिए परफेक्ट लुक तो जरूर अपनाएं ये टिप्स

जब भी कोई फेस्टिवल या फिर वेडिंग सीजन होता है तो मार्केट में काफी अच्छे डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के कपड़े देखने को मिलते हैं। जैसे की अगर आप मार्केट से सूट खरीदने जा रही हैं तो वहां पर आपको इतने सुंदर डिजाइन के सूट दिखेंगे, जिन्हें पहनना आप काफी पसंद करेंगे। नायरा कट सूट का फैशन भी काफी चल रहा है। कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जो इन्हें शादी या फिर ऑफिस में भी पहने नजर आती हैं। लेकिन आपको इसे पहनने से पहले कई सारी बातें जानना जरूरी हैं ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे। चलिए आपको इस आर्टिकल में इनकी जानकारी देते हैं।

### सूट फिटिंग का रखें ध्यान

नायरा कट सूट काफी खुले-खुले होते हैं। इसलिए कई सारी लड़कियां इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं कुछ को इसके स्लिट पसंद होते हैं इसलिए वो इन्हें वियर करती हैं। लेकिन अगर आप इसे ज्यादा लूज या फिर टाइट खरीदेंगी तो इसमें आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी फिटिंग का खास ध्यान रखें ताकि जब आप इसे वियर करें तो ये अटपटा न लगे बल्कि पहनने के बाद काफी अच्छा नजर आए।



### सूट को आयरन करके पहने

सूट अलग-अलग फेब्रिक के आते हैं लेकिन नायरा कट सूट ज्यादातर आपको रेयॉन फैब्रिक के मिलेंगे। इस तरीके के फैब्रिक (लेटेस्ट सूट डिजाइन) के कपड़े पहनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं जब उनमें अच्छे से प्रेस की गई हो। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने कपड़ों में अच्छे से प्रेस करें ताकि वो साफ और शाइनी लगे.। आपको बता दें कि कपड़ों को प्रेस करके पहनने से उनमें एक अलग ही चमक आ जाती है।



### सूट के कलर और डिजाइन का रखें ध्यान

पार्टी में जाने के लिए कुछ लोग लाइट डिजाइन वाले सूट लेते हैं, तो कुछ हैवी वर्क वाले सूट लेते हैं। लेकिन आपको अपने वेट और साइज (सूट डिजाइन) को ध्यान में रखते हुए इन्हें खरीदना चाहिए। क्योंकि ज्यादा हैवी सूट में आप मोटे दिख सकती हैं। वहीं अगर कम वर्क वाले में आप बिल्कुल सिंपल नजर आ सकती हैं। इसलिए जब भी नायरा कट सूट को खरीदें तो सबसे पहले कलर और डिजाइन का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को जानना आपके लिए जरूरी हैं ताकि जब भी आप पार्टी में जाएं तो अपने लिए परफेक्ट नायरा कट सूट खरीद सके।

## एथनिक से लेकर वेस्टर्न अपनाइए, लगेगा बेहद क्लासी



एथनिक से लेकर वेस्टर्न आउटफिट में दीपिका जैसी अदाकारा बेहद ही खूबसूरत लगती हैं। उनके लुक को टक्कर देना हर किसी के बस की बात नहीं हैं। ऐसे मे आज हम आपको एक्ट्रेस के कुछ क्लासी लुक्स दिखाएंगे।

**साड़ी:** हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड शो के दौरान ही दीपिका को साड़ी में देखा गया। अक्सर वो इवेंट्स में साड़ी पहनकर ही जाती हैं। साड़ी में एक्ट्रेस इतनी खूबसूरत दिखती हैं, कि आप उन्हें देखकर उनपर से नजरें नहीं हटा सकते।

**सूट:** हर भारतीय महिला की तरह दीपिका भी पूजा-पाठ के दौरान सूट पहनना पसंद करती हैं। उनपर सूट लगता भी काफी खूबसूरत है। अक्सर इस तरह की तस्वीरें वो साझा करती रहती हैं।

**फ्लोरल ड्रेस:** दीपिका की तस्वीरों को देखकर लगता है, कि उन्हें फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद है। उनके पास इस तरह की काफी ड्रेस हैं। खास बात ये है कि उनपर ये फ्लोरल प्रिंट लगता भी काफी खूबसूरत है। ऐसे में वो अक्सर इसे पहनती हैं।

## नई दुल्हन पर खूब जचेंगी परंपरागत फैशन की साड़ियां



साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला पहनना पसंद करती है। चाहे महिलाएं किसी भी उम्र के पड़ाव पर पहुंच जाएं वो साड़ी पहनने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। आज का समय तो ऐसा है कि, एयर होस्टेज से लेकर हर जगह पर महिलाएं काफी गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। खासतौर पर अगर बात की जाए उन लड़कियों की, जिनकी नई-नई शादी हुई है, वो काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। ज्यादातर लड़कियों को साड़ी पहनकर सजना और संवरना काफी अच्छा लगता है।

अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में शामिल हैं, जो साड़ी पहनना पसंद करती हैं, तो हम आपको साड़ी के कुछ ऐसे प्रकार दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप अपने ससुराल में पहन सकती हैं। हर नई दुल्हन के पास इस तरह की साड़ियां जरूर होनी चाहिए, जिसे वो शादी से लेकर पार्टी तक पर आसानी से पहन सकें। इस तरह की साड़ियां आपको खूबसूरत लुक देंगी।

**बनारसी साड़ी:** ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

**चिकनकारी साड़ी:** अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं।

### कार्नर न्यूज

### बूट पहनने के नियम पर जरूर करें अमल, जिससे न हो कोई मिस्टेक

## इस मौसम में बूट पहनें सलीके से, जींस के साथ रखेंगे मैचिंग तो होगी तारीफ

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि हर किसी को बूट्स बहुत पसंद हैं। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।

### बूट्स के प्रकार

बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। इनमें कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स, चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स जैसे कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स में बांट सकते हैं।



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।



### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें।